शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 107 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 13 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारत का दम पूरी दुनिया में दिख रहा: पीएम मोदी

## कांग्रेस के जो शहजादे हैं ना उनकी जितनी उम्र है कांग्रेस को उससे भी कम सीटें मिलने वाली हैं: पीएम

**कोलकाता**
भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली में चुनावी जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि शहजादे की जितनी उम्र है उससे भी कम सीटें कांग्रेस को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आई हैं। मैं आप सभी का आभारी हूं। मौजूदा चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है और देश की जनता का आशीर्वाद सिर्फ भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश ने 10 साल में देखा है कि मोदी की मजबूत सरकार ही देशहित में है, जनहित में है। तीन चरण के चुनाव पूरे हो चुके हैं। चौथे चरण का मतदान कल होने वाला है। तीन चरण के चुनाव के बाद मैं विश्वास से कह सकता हूं कि भाजपा और एनडीए 400 पार कर के ही रहेंगे। अब 400 पार ये नारा नहीं है, ये 400 पार देश के कोटि-कोटि लोगों का संकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा-नीत एनडीए को तो आप 400 पार करा ही देंगे लेकिन ये कांग्रेस के जो शहजादे हैं ना उनकी जितनी उम्र है कांग्रेस को उससे भी कम सीटें मिलने वाली हैं। इससे साफ है कि आपने दमदार सरकार बनाई और भारत का दम पूरी दुनिया में दिख रहा है। सामान्य तौर पर हमारे परिवार में जो बड़ा होता है उसकी इच्छा होती है कि वो मरने के बाद बच्चों को कोई तकलीफ ना हो, बच्चे दुखी ना हो, बच्चे मुसीबत ना पड़ें इसलिए परिवार का मुखिया परिवार के बच्चों के लिए कुछ छोड़कर जाना चाहता है। अपने वारिस को कुछ देकर जाना चाहता है, लेकिन मोदी का वारिस कौन है, मेरे वारिस तो आप सब देशवासी हैं। आप ही मेरा परिवार हैं, आप ही मेरे वारिस हैं। आपके अलावा इस दुनिया में मेरा कुछ भी नहीं है। इसलिए मैं भी मेरे इस परिवार के बच्चों के लिए विकसित भारत बना करके उनके हाथ में देना चाहता हूं।



## पीएम किसान योजना से किसानों को लाभ मिल रहा है: पीएम

**मोदी ने क**हा कि किसान बंगाल की बड़ी ताकत हैं, पीएम किसान योजना से किसानों को लाभ मिल रहा है। अब भाजपा ने आलू और प्याज उगाने वाले किसानों के लिए बड़ी घोषणा की है। हम विशेष क्लस्टर बनाने जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ यहां के किसानों को होगा। रेलवे को लेकर इतना काम हो रहा है। यहां देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो बन गई लेकिन यहां इनवेस्टमेंट लाने के लिए, नौकरी लाने के लिए ये टीएमसी वालों की कमीशन कंपनी रुकावटें पैदा करती है। उनको सबक सीखाने के लिए ही ये चुनाव हो रहा है। ये सबक कौन सिखाएगा। ये काम आपका एक वोट करेगा।

## तृणमूल बंगाल में माफियाराज चला रहा: पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने** तृणमूल पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास के लिए भाजपा के प्रयासों के बीच तृणमूल अपने कामों में व्यस्त है और उसके काम क्या हैं। यहां माफियाराज चल रहा है। मोदी कहता है हर घर जल और तृणमूल कहती है हर घर बम। कुछ दिन पहले ही एक बम फट गया और बच्चों की जीवन चला गया। माताओं-बहनों, बेटियों का तो यहां जीवन मुश्किल हो गया है। संदेशखाली में ये क्या कर रहे हैं पूरा देश



देख रहा है। तृणमूल संदेशखाली में हर हथकंडा अपना रही है लेकिन मैं आप सभी को ये गारंटी देता हूं, तृणमूल का कोई भी अत्याचारी बचने नहीं पाएगा। तृणमूल ने बंगाल के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। तृणमूल ने बंगाल के युवाओं का भविष्य बेच दिया है। तृणमूल ने बंगाल के मां-बाप के सपने बेच दिए हैं। तृणमूल के पेपर लीक और भर्ती माफिया ने सबको तबाह कर दिया है। आज देखिए इनके बड़े-बड़े नेता, बड़े-बड़े मंत्री और मुख्यमंत्री के खास सिपहसालार सारे के सारे जेल में पड़े हैं। पूरा देश चौंक गया इनके नेताओं के घरों से नोटों के पहाड़ निकले हैं। आप इनको सजा देंगे कि नहीं देंगे।

## विपक्ष देश की जनता को लूटने में लगा: पीएम मोदी



ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दूसरी तरफ तृणमूल और अन्य पार्टियों को देखिए वो सारे के सारे लोग देश की जनता को लूटने में ही लगे हुए हैं। ये अपने वारिसों के लिए बंगले बना रहे हैं, महल बना रहे हैं। अगर वो अपने वारिस के लिए बना रहे हैं तो मैं भी तो अपने वारिस के लिए बना रहा हूं। अब तक मेरे वारिस गरीबों के चार करोड़ पक्के घर बना दिए, तीन करोड़ पक्के घर और बनाने वाला हूं। मोदी हर घर जल मिशन चला रहा है, मोदी हर गरीब को मुफ्त राशन दे रहा है। मोदी अपनी बहनों, बेटियों को उनका जीवन आसान बना रहा है। आज करोड़ों महिलाओं के पास उज्ज्वला का सस्ता सिलेंडर है। आज हर गर्भवती महिला को छह हजार रुपये की मदद मिलती है ताकि उसके पोषण में कमी ना रहे और गर्भ में जो बच्चा पल रहा है वो दुर्बल ना हो।

अपनी गारंटी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब मोदी एक बहुत बड़ी गारंटी लेकर आया है। मोदी देश की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना चाहता है। स्वयं सहायता से जुड़ी बहनों को हम नई ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बना रहे हैं। मैंने नमो ड्रोन दीदी योजना से बहनों को ड्रोन पायलट बनाने का काम भी शुरू किया है। इससे खेती में आप जैसी बहनें ड्रोन क्रांति की लीडर बन रही हैं। बहनों की एक बड़ी चिंता बिजली के बिल को लेकर रहती है।

## दो मेट्रो स्टेशन पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे, केस दर्ज

**नई दिल्ली**
दिल्ली का माहौल खराब करने की कोशिश में रविवार की दोपहर दिल्ली के दो मेट्रो स्टेशन पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिख दिए गए। जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली, तुरंत स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद मेट्रो पुलिस को भी बुला लिया गया।
किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेट्रो स्टेशन की दीवार पर नारे लिखे हुए थे। छानबीन और औपचारिताएं पूरी करने के बाद नारों को मिटा दिया गया। मेट्रो पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।
घटना के बाद खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सोशल मीडिया पर नारे लिखवाए जाने की जिम्मेदारी लेते हुए एक बार फिर देश के खिलाफ जहर उगला।
पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर करीब एक बजे किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर सूचना दी कि किसी ने करोल बाग मेट्रो स्टेशन की दीवार पर आपत्तिजनक खालिस्तानी नारे लिख दिए हैं। कुछ देर बाद इसी तरह की कॉल झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास से भी आई। सूचना मिलते ही दोनों जगहों पर पुलिस पहुंच गई। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को भी मौके पर बुला लिया गया।

## फिर से बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली**
दिल्ली-एनसीआर के 200 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामले की अभी जांच पूरी भी नहीं हुई थी कि रविवार को दिल्ली के 20 से अधिक अस्पतालों, आईजीआई एयरपोर्ट समेत उत्तर-रेलवे की सीपीआरओ बिल्डिंग को बम से उड़ाने की धमकी मिली। आरोपित ने सभी जगहों पर ई-मेल कर बम रखे होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही दिल्ली फिर से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस के अलावा बम एवं डॉग स्क्वायड को मौके पर पहुंचे। गनीमत यह रही कि रविवार को छुट्टी होने की वजह से अस्पताल में ज्यादा भीड़ नहीं थे। पुलिस, दमकल विभाग व बाकी जाचं एजेंसियों ने अस्पताल, एयरपोर्ट की तलाशी ली। छानबीन के बाद पुलिस को वहां से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। माना जा रहा है कि स्कूलों में बम रखे जाने की सूचना देने वाले ग्रुप ने ही अस्पताल व दूसरी महत्वपूर्ण जगहों पर बम की झूठी सूचना दी है।

## जयशंकर ने माना- चीन के साथ सामान्य नहीं है संबंध

**नई दिल्ली:**
लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से दोनों देशों के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों में कई बार शांति वार्ता हुई, लेकिन उसका कोई हल नहीं निकल पाया। अब चीन के साथ संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान सामने आया है। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हम सभी शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करते हैं और इस बात पर जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति पर ही निर्भर करती है। समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को तरजीह दी जा रही है उनमें "गश्ती अधिकार" और "गश्ती क्षमता" शामिल है। एक पत्रिका से बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियों पर विवाद पर पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस मामले पर केवल एक बड़ा दृष्टिकोण प्रदान किया है। भारत को उम्मीद है कि चीन के साथ सभी मुद्दों पर समाधान हो जाएगा। ये जयशंकर ने आगे कहा कि चीन के साथ हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में शांति भंग हो गई है।



## सीएम केजरीवाल ने दी 10 गारंटी, बिजली, पानी रोजगार पर फोकस

**नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव जीतने पर 10 गारंटी पूरा करने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार देने की बात कही। साथ ही जीएसटी और अग्निवीर से मुक्ति दिलाने का भी वादा किया। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ रविवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता की और 10 गारंटियों का जिक्र किया। पूरे देश में 24 घंटे सातों दिन बिजली जिसमें गरीबों को मुफ़्त बिजली दी जाएगी। देश के हर गांव-मोहल्ले में विश्वस्तरीय सरकारी स्कूल बनाकर सभी बच्चों के लिए मुफ़्त शिक्षा का इंतजाम किया जाएगा। देश के हर ज़िले में विश्वस्तरीय अस्पताल और गांव-मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक बना कर मुफ़्त इलाज दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि चीन द्वारा कब्जा की भारत की जमीन छुड़वाने के लिए सेना को पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी। अग्निवीर योजना बंद करके सभी अग्निवीरों को पक्का किया जाएगा। स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक ही सभी फसलों पर एमएसपी निर्धारित कर किसानों को फसलों का पूरा दाम दिया जाएगा। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। बेरोजगारी खत्म करने के लिए अगले एक साल में दो करोड़ रोजगार देंगे। भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे।

जीएसटी का आतंक खत्म किया जाएगा और इसे पीएमएलए से बाहर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि दिल्ली और पंजाब में उनकी पार्टी ने मुफ्त पानी-बिजली और बेहतर स्वास्थ्य-शिक्षा का वादा किया था जिसे उन्होंने पूरा किया है। इससे पहले, पार्टी मुख्यालय में केजरीवाल ने अपने विधायकों से मुलाकात की।



## फ्लोर टेस्ट के लिए विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में हरियाणा सरकार



**चंडीगढ़**
एक तरफ प्रदेश में कांग्रेस पार्टी सरकार का गठन करने से पीछे हट गई है तो दूसरी तरफ कांग्रेस व जजपा को घेरने के लिए सरकार ने फ्लोर टेस्ट के लिए विधानसभा सत्र बुलाने की तैयारी कर ली है। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल की 15 मई को होने वाली बैठक में सरकार यह फैसला लेकर विपक्ष को सकते में डाल सकती है।
पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को संकेत दिए कि हरियाणा सरकार लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर फ्लोर पर बहुमत साबित करने को तैयार है। इसके साथ ही राज्यपाल ने कांग्रेस से अपने सभी 30 विधायकों के हस्ताक्षरों वाला पत्र देने को कहा है, ताकि राज्यपाल फैसला ले सकें कि उन्हें क्या करना है। हालांकि, कांग्रेस ने राजभवन से अभी इस तरह के निर्देश जारी होने की पुष्टि नहीं की है। 88 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास फिलहाल 45 विधायकों का समर्थन हासिल है, जबकि जजपा व कांग्रेस अपनी पार्टी के सभी विधायकों व एक इनेलो व एक निर्दलीय विधायक को जोड़ते हुए भाजपा सरकार के अल्पमत में होने का दावा कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी राजनीतिक अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जजपा को वैसे तो बहुमत साबित करने की मांग नहीं करनी चाहिए थी लेकिन जब उन्होंने कर ही दी तो हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जजपा पूरी तरह से फूट का शिकार है। उसके छह विधायक हमारे संपर्क में हैं, जो फ्लोर पर भाजपा का साथ देंगे। इसी तरह, कांग्रेस ने भी अपने साथ 30 विधायक होने का दावा किया है, जो ठीक नहीं है।
ांग्रेस के भी पांच से छह विधायक

## मुस्लिम लीग की भाषा बोल रहे हैं उद्धव-इंडी के नेता : भाजपा

**मुंबई**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रवक्ता एवं विधायक नीतेश राणे ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के नेता इस समय मुस्लिम लीग जैसी ही भाषा बोल रहे हैं। यह भाषा देश में नहीं है।
नीतेश राणे ने रविवार को मुंबई में पत्रकारों से कहा कि उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के नेताओं की भाषा देश के लिए खतरे की घंटी है। उद्धव ठाकरे की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हमेशा की जा रही आलोचना देश के नागरिकों को बर्दाश्त नहीं हो रही है। उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के हाल ही के भाषणों से लगने लगा है कि यह लोग कर्नाटक पैटर्न पूरे देश में लागू करना चाहते हैं।

भाजपा उद्धव ठाकरे की इस कुटिल साजिश को सफल नहीं होने देगी। नीतेश राणे ने कहा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए के सभी घटक दल देशभक्ति से प्रेरित होकर लोगों को देश को सुरक्षित रखने का भरोसा दिलाते हैं, वहीं दूसरी ओर धर्म के नाम पर भाजपा और एनडीए विरोधी फतवे जारी किये जा रहे हैं।



## ट्रैफिक पुलिस का एक्शन, चार महीने में एक लाख से ज्यादा का काटा चालान

**नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली की आबोहवा को खराब करने वाले वाहनों पर इस बार दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जमकर एक्शन लिया। पिछले साल के मुकाबले इस बार पहली तिमाही में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) न होने पर 1 जनवरी, 2024 से 30 अप्रैल, 2024 तक एक लाख से ज्यादा चालान काटे हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 78 हजार से ज्यादा का था। वहीं इस साल दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा पीयूसीसी चलान काटे जाने की संख्या में 30 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से इस तरह के वाहनों पर अंकुश लगाने का बड़ा मकसद, वायु गुणवत्ता को बढ़ाने और वाहन प्रदूषण फैलाने वालों पर लगाम कसना है। ट्रैफिक पुलिस ने साल 2024 में सबसे अधिक चालान काटकर ऐसे वाहन मालिकों को मैसेज दिया है।

## लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग सोमवार को, सभी तैयारियां पूरीं

### इस चरण में 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर 1717 उम्मीदवार मैदान में

### आंध्र प्रदेश विधानसभा की 175, ओडिशा की 28 सीटों पर भी होगा मतदान



**नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं जम्मू-कश्मीर समेत 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इसमें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की सभी लोकसभा सीटें शामिल हैं। इसी चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। वहीं चार चरणों में घोषित 147 सदस्यों वाली ओडिशा विधानसभा की 28 सीटों पर भी मतदान होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक सोमवार को चौथे चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में 17.7 करोड़ मतदाताओं के लिए कुल 1.92 लाख मतदान केंद्र बनाए हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि तापमान सामान्य रहेगा। अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तेलंगाना में मतदान का समय बढ़ाया गया है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। इस चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की सभी 17 सीटों, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल की 8, मध्य प्रदेश की 8, बिहार की 5, झारखंड और ओडिशा की 4-4 सीटों और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा।
अभी तक तीन चरणों में 20 राज्यों की 283 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। मतदान एक जून तक सात चरणों में पूरा होगा और 4 जून को नतीजे आएंगे। चौथे चरण के मतदान में 63 सीटें सामान्य, 20 अनुसूचित जाति और 12 अनुसूचित जनजाति कि लिए आरक्षित हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सभी सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है। इस चरण में 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर 19 लाख से अधिक चुनाव कर्मी तैनात किए गए हैं। इस चरण में 17.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.73 करोड़ महिला और 8.97 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। 85 से अधिक आयुक के 12.49 लाख से अधिक पंजीकृत और 19.99 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है। चरण 4 के लिए 364 पर्यवेक्षक (126 सामान्य पर्यवेक्षक, 70 पुलिस पर्यवेक्षक, 168 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 4661 उड़न दस्ते, 4438 स्थैतिक निगरानी दल, 1710 वीडियो निगरानी दल और 934 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। कुल 1016 अंतरराज्यीय और 121 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकदी और मुफ्त वस्तुओं के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। समुद्री और हवाई मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गई है।

# शंकरगढ़ की सीमा पर चारपहिया वाहन से बरामद हुए ढाई लाख रुपए

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** यूपी व एमपी की सीमा पर स्थित पटहट बैरियर पर उड़ाका दल व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग कर चारपहिया वाहन से ढाई लाख रुपए नगद बरामद किये। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु यूपी व एमपी की सीमा पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में शनिवार की देर शाम शंकरगढ थाना क्षेत्र के पटहट बैरियर पर फ्लाइंग स्काट टीम के मजिस्ट्रेट जितेंद्र प्रियदर्शी, प्रभारी निरीक्षक शंकरगढ़ ओमप्रकाश, उपनिरीक्षक आदित्य कुमार, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार व महिला कांस्टेबल वंदना यादव मध्य प्रदेश से आने व उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच कर रहे थे कि उसी समय विजय चौहान पुत्र अशोक सिंह निवासी नेता चौराहा अल्लापुर थाना जार्जटाउन जनपद प्रयागराज चारपहिया वाहन से आ गए। टीम द्वारा कार की तलाशी लिए जाने पर उनके पास से ढाई लाख रुपए नगद कैश बरामद हुए। मजिस्ट्रेट द्वारा बरामद रुपए के बारे में विवरण मांगा गया। जिस पर उन्होंने किसी भी प्रकार का कोई प्रपत्र दिखाने में असमर्थता जाहिर की। परिणाम स्वरूप बरामद रुपए को मालखाने में जमा कराया गया।

## इकसठ साहित्यकारों को मिला गुरुदेव अभिव्यक्ति सम्मान 2024

अवध साहित्य अकादमी प्रयागराज एवं अनिल अभिव्यक्ति धामपुर का संयुक्त प्रयास

**करछना।** प्रयागराज अवध साहित्य अकादमी प्रयागराज एवं अनिल अभिव्यक्ति धामपुर बिजनौर के संयुक्त प्रयास से गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर जयंती के अवसर पर 61 साहित्यकारों को गुरुदेव अभिव्यक्ति सम्मान 2024, से अलंकृत किया गया` अवध साहित्य अकादमी प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर जयंती पर अनिल अभिव्यक्ति एवं अकादमी द्वारा चयनित किए गए कुल 61 साहित्यकारों को ऑनलाइन गुरुदेव अभिव्यक्ति सम्मान 2024 प्रदान किया गया। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि अनिल अभिव्यक्ति के संपादक डॉ अनिल कुमार शर्मा अनिल ने इस सम्मान अलंकरण के लिए विशेष योगदान दिया जिसके लिए अवध साहित्य अकादमी प्रयागराज उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती है और अपेक्षा करती है कि भविष्य में देश के वरेण्य साहित्यकारों की स्मृति में इसी प्रकार नवोदित रचनाकारों को सम्मानित किया जाता रहेगा। डॉक्टर उपाध्याय ने सभी सम्मानित होने वाले रचनाकारों को हार्दिक बधाई दी है।

# रास्ते में रोक युवक को पीटा, सिर पर गम्भीर चोट

## पुलिस ने युवक के तहरीर पर आधा दर्जन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया

अखण्ड भारत संदेश



**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र के बेदौली गांव में दस मई को शादी समारोह आयोजित किया गया था। उक्त शादी समारोह में आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम चल रहा था कि गांव के साहिल अली पुत्र रुस्तान अली अपने दर्जनों साथियों के साथ आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में पहुंचकर मंच पर ड्रांस कर रही लड़कियों के साथ बदसलूकी करने लगा जानकारी पर घरात मालिक ने मौके पर पहुंचकर उन लोगों को समझा बुझाकर गांव घर की इज्जत की बात कह कर वहा से हटा दिया। मांडा थाना क्षेत्र के बेदौली गांव निवासी घरात मालिक शम्भू लाल पटेल उर्फ बाबा की बेटी की शादी समारोह दस मई को सम्पन्न हुई। शादी समारोह के दौरान चल रहा आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में उक्त साहिल अली की बदसलूकी करने पर वहा उसे हटा दिया गया। जिससे वह खुन्नस में आकर उनके ड्राइवर रोहित कुमार पटेल को शनिवार देर रात्रि शाम लगभग आठ बजे किसी जरूरी काम से मांडा खास जा रहा था उसी समय पुरानी नर्सरी के पास पहले से ही घात लगाए बैठे साहिल पुत्र रुस्तम अली, शर्नो पासी, समीर केशरवानी, गोलू, अंकित शुक्ला, सोनू, व अन्य साथियो के साथ मिलकर हमला कर दिया जिससे युवक के सिर में गंभीर चोटे आई है। युवक ने लहूलुहान मांडा थाने पहुंचा। लहूलुहान देख पुलिस ने तत्काल युवक के तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर इलाज के लिए सी एच सी मांडा भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## घटना को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन का शांति भंग में किया चालान




मांडा बेदौली गांव में शादी समारोह के दौरान गांव के साहिल अली ने खुन्नस में आकर अपने साथियों के साथ ग्यारह मई की रात्रि में हमलावर होकर घरात मालिक शम्भू लाल पटेल के ड्राइवर रोहित कुमार पटेल को रास्ते में रोक जमकर पिटाई कर दिया जिससे उसके सिर में गम्भीर चोटे आई थी। उक्त मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तत्काल मांडा पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों में साहिल अली, गोलू उर्फ मो.वसीम, सोनू उर्फ मेराज निवासीगण बेदौली व समीरचन्द्र केशरवानी निवासी गिरधरपुर तथा अंकित शुक्ला पुत्र राकेश शुक्ला निवासी खवासकातारा को गिरफ्तार कर शान्ति भंग में चालान कर दिया।

# सभी कार्यकताओं को बनना पड़ेगा उज्जवल रमण : राजेश पाण्डे



**कोरांव।** कोरांव विधानसभा सहित जमुनापार के समस्त कार्यकताओं को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु स्वयं को प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह बनकर क्षेत्र में कड़ी मेहनत और संघर्ष करने की आवश्यकता है यदि कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी समझ कर कार्य करेगा तो निश्चित रूप से इंडिया गठबंधन के लोकप्रिय प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह की जीत सुनिश्चित हो जाएगी यह बातें समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और विधानसभा कोरांव प्रभारी एवम चर्चित किसान नेता राजेश पांडे ने नगर पंचायत कोरांव में जनसंपर्क के दौरान कहीं। इसी के साथ सपा नेता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है इस सरकार का आमजन की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है यह सरकार पूंजी पतियों की सरकार है ना कि किसानों मजदूरों और गरीबों की आगामी होने वाले 25 मई को मतदान के दिन भारी मतों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को जीत सुरक्षित करने के उद्देश्य से भारी संख्या में मतदान करें। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी विधानसभा महासचिव रवींद्र जैसल ने कहा कि यह सरकार पूर्णतः दलित विरोधी सरकार है और इस सरकार में कमर तोड़ महंगाई से दलित समाज का जीना दुश्वार हो गया है और वह इलाज शिक्षा और घर का खर्च चलाने में असमर्थ है जिसके कारण दलित समाज दिन प्रतिदिन कर्ज में डूबता जा रहा है यदि शीघ्र ही इस सरकार को न हटाया गया तो आने वाले दिनों में इसके भारी दुष्परिणाम देखने को मिलेंगे और वह दिन दूर नहीं जब लोकतंत्र को खत्म कर राजतंत्र स्थापित करेंगे और दलितों को गुलाम बनाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से महताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी कोराव दीपू कुशवाहा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य समाजवादी शिक्षक सभा इंद्रेश जैसल मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी इसराइल अली एडवोकेट मोहम्मद हारुन नौशाद अंसारी मंगला कोल दिनेश पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# माँ एक ऐसा शब्द हैं जो हर किसी को भावनाओं से भर देता हैं : शिवानी खेड़ा सोनी

अखंड भारत संदेश




**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरुवा के अंतर्गत सेंट पीटर्स स्कूल सिरसा छतवां रोड़ मे शनिवार को मदर्स डे मनाया। प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी का कहना है कि मदर्स डे दुनिया भर में माताओं और मातृ विभूतियों के सम्मान और सराहना के लिए मनाया जाने वाला एक विशेष दिन है। यह हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल यह 12 मई को है. इस दिन, बच्चे अपना दिन माँ को समर्पित करते हैं और कार्ड, फूल, केक और उपहारों के साथ प्यार और आभार व्यक्त करते हैं। माँ एक ऐसा शब्द है जो हर किसी को भावनाओं से भर देता है। एक माँ निश्चित रूप से हर किसी के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण इंसान होती है। अपने बच्चे के लिए माँ के प्यार की तुलना निश्चित रूप से किसी भी चीज से नहीं की जा सकती। उसकी क्षमा का स्तर अतुलनीय है। एक माँ अपने बच्चे के लिए अपनी खुशियाँ त्याग देती है। एक माँ जितनी अपने बच्चों की देखभाल करती है उतना कोई और नहीं कर सकता, वह महान हैं. इन्हीं विचारों को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए एक कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अपनी माँ के लिए सुंदर कार्ड बनाए. प्रतियोगिता के विजेता बच्चों के नाम - औफ मोहम्मद, कार्तिक केशरी, शानवी केशरी, अनिष्ठा वर्मा, अंशिका गौतम, काव्या केशरी, आदित्य कुशवाहा, अपेक्षा, तनिरिका सिंह, मानसी पटवा, सांची अग्रवाल, नमन सेठ, आकर्ष कुमार, आकर्ष विश्वकर्मा,आकृति केशरी, अनन्या केशरी, आराध्या केशरी, आदित्री केशरी और शाहीन शेख। श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर बधाई दी।

# न्यूज झरोखा

## राष्ट्र हित में करे मतदान : चंद्रमोहन संयोजक आरएसएस



**प्रतापपुर।** मनुपुर शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड प्रतापपुर व विधानसभा टोली की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश के समग्र ग्रामीण विकास संयोजक चंद्रमोहन भाईसाहब का बैद्धिक प्राप्त हुआ।आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय हित में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए जनजागरण कर मतदान हो इस विषय पर भाई साहब का मार्गदर्शन मिला।बैठक में, जगत जिला कार्यवाह, राजेश्वर सिंह, अनिल उपाध्याय, हरिशंकर पटेल, अखिलेश पटेल, शेषमणि पांडेय, हृदय नारायण मिश्र, अनिल द्विवेदी, अशोक दूबे, रमेश तिवारी, राजदेव मौर्य, आशीष शुक्ला, मनोज पांडेय, किशन पाठक, बच्चन मिश्र प्रधान, आयुष जायसवाल, नरेंद्र, रितेश, शिवम, धर्मेंद्र, शिवराम बिंद आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं संग बैठक



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के घुड़दौली गांव में 78 लोकसभा भदोही के प्रत्याशी डॉक्टर विनोद कुमार बिंद के समर्थन में स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ मीटिंग संपन्न हुई। बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को बताते हुए मुख्य अतिथि विधान सभा प्रभारी इंद्र कुमार सिंह ने समस्त महिलाओं से एनडीए प्रत्याशी को मतदान करने की अपील किया।इस अवसर पर विधानसभा संयोजक ईश्वर चंद बिंद, जंघई मंडल प्रभारी डॉक्टर पूनम सिंह पटेल, महिला मोर्चा की जंघई मंडल अध्यक्ष अनीता सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, सेक्टर संयोजक कुशलेष दुबे एवं अच्छे लाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## खाना बनाते समय लगी आग से गृहस्थी का सामान जला



**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के बरसैता गांव में खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान खाने पीन वस्तु के साथ सायकिल व दरवाजा जलकर राख हो गया। उल्लेखनीय है कि शनिवार को शाम बरसैता गांव निवासी अगमलाल गौड़ के घर में खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। गौरतलब है कि अचानक हुई इस आगजनी की घटना की जानकारी पर आस पास के लोग जब तक मौके पर पहुंचते और आग पर काबू पाते तब तक घर में रखा अनाज, दरवाजा, साइकिल सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया ।

## संकल्प के साथ जीव हित यात्रा से लोगों को किया जागरूक



**सहसों।** जागरूकता अभियान चलाकर वाइल्डलाइफ फॉरेस्ट फ्रेंड कंजर्वेशन ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण एवं जीव हित यात्रा निकाली गई। जो सोराव, शिवगढ़, फाफामऊ होते हुए सहसों चौराहे पर पहुंचकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं जीव संरक्षण के साथ अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। अदम्य साहस के साथ गत नौ मई को मध्य प्रदेश के सुरपुरा निवासी जितेन्द् ने पर्यावरण एवं जीव हित यात्रा का संकल्प लेकर पैदल प्रयागराज पहुंचे। इन्होंने स्नेक केयर एण्ड वाइल्ड एनिमल्स के राजमणि सिंह से एवं वाइल्डलाइफ और फॉरेस्ट फ्रेंड कंजर्वेशन ट्रस्ट के चीफ वी के टार्जन से मुलाकात कर प्रयागराज के विभिन्न स्थानो एवं बाजारों में पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण एवं जीव संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए जानकारी दी। इसी प्रकार यात्रा सहसों चौराहे पर पहुंचकर व्यापारियों एवं आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक करते हुए संकल्प दिलाया तथा अपने आसपास अधिक अधिक पौधरोपण कर जीवों को संरक्षित करने के लिए भी प्रेरित किया।

## विवाहिता को मार पीट कर भगाया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घीनपुर तिलई निवासनीय सुधा मौर्या पुत्री शिवमूरत ने कोर्ट मैरेज से 20 अक्टूबर 2023 को प्रतापगढ़ के गुलामी पट्टी इटहरा कजा सराय निवासी आदित्य मौर्या पुत्र साधू राम के साथ हुई थी।सुधा मौर्या का आरोप है कि शादी के बाद से दहेज के लिए उसको प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि दहेज में बाइक , चार लाख रुपए,सोने की हार, अंगूठी आदि मांग न पूरी होने पर मारा पीटा गया।सुधा मौर्या का आरोप है कि उसे प्रतापगढ़ के फतनपुर थाना के भुर्रा सुल्तानपुर अपने मौसा के घर पति आदित्य ने छोड कर भाग गया।सुधा मौर्या ने मऊआइमा थाने में सास ननकी देवी,ससुर साधू राम,पति आदित्य मौर्या,ननद रंजना देवी,वंदना देवी, कंचन देवी, आराधना देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़ का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# कथित बच्चा चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

## देवगलपुर निवासी शाहिद अली का 6 वर्षीय पुत्र अबू शान को गढ़चम्पा पहलवान वीर बाबा के पास बोरा में भरने की कोशिश कर रहा था कथित चोर

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम देवगलपुर निवासी शाहिद अली का छह वर्षीय पुत्र अबू शान रविवार को सुबह घर के पास खेल रहा था। बताया गया है कि एक युवक अबू शान को पकड़ कर गढचम्पा पहलवान वीर बाबा के पास बोरा में भरने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों ने दौडा कर कथित बच्चा चोर को पकड़ लिया। मामला प्रतापगढ़ प्रयागराज सीमा क्षेत्र का होने के कारण सूचना पर मऊआइमा और प्रतापगढ़ की पुलिस पहुंच कर कथित बच्चा चोर से पूछताछ की बाद में मऊआइमा पुलिस कथित बच्चा चोर को थाने ले गई। बताया गया है कि अबू शान के पिता ट्रक चलाते हैं वह घर पर नहीं थे। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों के आंखों में खुशी के आंसू आ गए। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि पकडा युवक विज्ञिप्त है।वह बच्चा चोर नहीं है।



## शराब का पैसा न देने पर मारा पीटा दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शराब पीने के लिए पैसा न देने पर युवक को मारा पीटा गया युवक ने थाने में तहरीर दे कर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सकरामऊ गांव निकासी जगत बहादुर पटेल पुत्र स्वर्गीय जवाहरलाल का आरोप है कि रास्ते मे रोक कर उससे अनायास शराब पीने का पैसा मांगा जा रहा था।न देने पर उसे गालियां दी गई और मारा पीटा गया। पुलिस ने रतन सेन पुर निवासी कन्हैयालाल, अमित उर्फ गुड्डू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## शिव बाबू बिंद का अन्तिम संस्कार महेवा गंगा घाट पर किया गया

अखण्ड भारत संदेश

**मांडा।** क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत बघौरा खवासान गांव निवासी शिव बाबू बिंद उर्फ भीम उम्र ( 38 ) अपने दो बच्चों के साथ कोरांव क्षेत्र से भूसा खरीदकर ट्रैक्टर ट्रॉली पर लादकर घर वापस लौटते वक्त मांडा- कोरांव मुख्य मार्ग कुशलपुर सात किनारी के पास अनियंत्रित होकर भूसा लदा ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे पत्थरों व पेड़ों से टकरा गई। जिससे वह गिर गया और उसके चपेट में आ गया। युवक की गम्भीर हालत देख शहर ले जाते वक्त रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसका अन्तिम संस्कार पोस्टामार्टम के बाद रविवार को महेवा गंगा घाट पर किया गया। वही उपस्थित ग्राम प्रधान प्रदीप कन्नौजिया ने लोगों के साथ शोक संवेदना व्यक्त किया।

## 180 ग्राम डायजापाम पाउडर के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र में अवैध शराब, नशीला पाउडर की गोरख धंधा करने वालो के खिलाफ मुहिम चलाकर रोक थाम के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। वहीं रविवार को मुखबिर की सूचना पर मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत मांडा रोड कनेवरा गांव निवासी ज्ञान पटेल पुत्र स्व० रोशनलाल पटेल को रामपुर सीरिया से लगभग बारह बजे गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से 180 ग्राम नाजायज डायजापाम पाउडर बरामद किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है। जो चिंताजनक के रूप में काम करती है। इसका उपयोग चिंता , दौरे , शराब वापसी सिंड्रोम , मांसपेशियों में ऐंठन , अनिद्रा और बेचैन पैर सिंड्रोम सहित कई स्थितियों के इलाज के लिए किया जाता है।

# भगवान राम की अराधना गीत से इलाहाबाद बैटरी वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन का हुआ आगाज



**इलाहाबाद।** बैटरी वेलफेयर एसोसिएशन की ओर सिविल लाइंस हाईकोर्ट चौराहा स्थित एक होटल के बैंक्वेट हॉल में रंगा रंग कार्यक्रम में भगवान राम की अराधना गीत से वार्षिक समारोह का आगाज हुआ तो भूली बिछड़ी गीत संगीत पर एसोशिएशन के लोगों ने जमकर धमाल मचाया।परदेसीया सब कहते हैं तुने मेरा दिल ले लिया पर जमकर थिरके पदाधिकारी गण।वहीं पदाधिकारियों ने फूलों की वर्षा कर होली व ईद मिलन समारोह का आनन्द उठाया।लीव गार्ड बैटरी के अधिकारी रामजी मिश्रा व वरीष्ठ पदाधिकारी व कनिशका एनर्जी संरक्षक मार्कण्डेय सिंह का इलाहाबाद बैटरी वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शॉल ओढ़ाकर व बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।वहीं एसोशिएशन की ओर से अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में इलाहाबाद बैटरी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज किशोर गुप्ता , महामंत्री अर्जुन गुप्ता , कोषाध्यक्ष अर्जुन जायसवाल ,कार्यकारीणी सदस्य विनोद कुमार व वसीम अहमद ,रहमान अशरफ , अरविंद जायसवाल, प्रहलाद सिंह ,अनमोल भटनागर ,अशीत बनर्जी ,जसवीर सिंह नीरज जायसवाल ,नितिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# यमुनापार की जनता ने मेरे पति को आशीर्वाद दिया तो बहेगी विकास की गंगा : कविता यादव त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** जनसंपर्क के दौरान यमुनापार की माताओं एवं बहनों का खासा प्यार व आशीर्वाद के साथ साथ भारी समर्थन मिल रहा है। जिससे अबकी बार चार सौ के पार का लक्ष काफी आसान हो गया है। ऐसे में यदि यमुनापार क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिला तो पूरे यमुनापार में ऐसी विकास की गंगा बहेगी जिसकी किसी ने कल्पना नहीं किया होगा। उक्त बातें भाजपा की प्रदेश महामंत्री एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की धर्म पत्नी श्रीमती कविता यादव त्रिपाठी ने रविवार को यमुनापार के दर्जनों गांवों में घर घर महिलाओं से जनसंपर्क करने के दौरान एक प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में आज महिलाएं आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में पूरी तरह से आत्म निर्भर हैं साथ ही साथ देश व प्रदेश की राजनीति में भी महिलाओं की भूमिका अहम है। श्रीमती त्रिपाठी ने आगे कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश सीएम योगी के नेतृत्व देश नई ऊंचाइयों पर अपना परचम लहरा रहा है। इतना ही नहीं भाजपा प्रत्याशी की एवं प्रदेश महामंत्री श्रीमती कविता यादव ने यह भी कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सर्व समाज का हित निहित है। भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सीधे मिल रहा है। उन्होंने ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ और सबका विकास को लेकर हमेशा गंभीर रही है। जिससे विपक्ष की बौखलाहट और अधिक बढ़ गई है। प्रदेश महामंत्री ने जनसंपर्क के दौरान महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज हमारी बहनें और बेटियां स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। गौरतलब है कि बीते शनिवार को श्रीमती त्रिपाठी ने मेजा क्षेत्र के चर्चित स्कूल दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज में मातृ दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर कार्यक्रम को संबोधित किया था जिसमें महिला सशक्तिकरण को लेकर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक भी किया था।

यमुनापार के प्रत्येक गांवों में भ्रमण के दौरान आमजनमनास के साथ साथ महिलाओं का भारी समर्थन एवं आशीर्वाद मिल रहा है। यदि यहां की जनता का ऐसे ही प्यार दुलार व समर्थन मिलता रहा तो आने वाले समय में यमुनापार क्षेत्र में विकास की ऐसी गंगा बहेगी जिसकी कभी किसी ने कल्पना नहीं किया है।

# कमिश्नरेट कोर्ट का रिकॉर्ड, गुंडा एक्ट के 700 मामले निपटे

## प्रयागराज में देर रात तक बैठी कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के वकील भी सुनवाई में हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट कोर्ट ने एक अनूठा रिकार्ड बना लिया है। सालों से लंबित गुंडा एक्ट के मामलों को निपटाने के लिए मैराथन सुनवाई चलाई गई। शनिवार सुबह से बैठी कमिश्नरेट कोर्ट शाम को बंद होने के बजाय रात तक बैठी रही।देर रात तक कोर्ट ने गुंडा एक्ट के 712 मामलों का निपटारा कर दिया। मतलब जिले के उन 712 लोगों को राहत मिल गई जिन पर सालों से गुंडा एक्ट कार्रवाई की तलवार लटक रही थी। सुबह से देर रात तक करीब 14 घंटे की इस ऐतिहासिक सुनवाई की सबसे खास बात यह रही कि इसमें सुप्रीम कोर्ट के दो वकील भी शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने वादकारियों की मदद के लिए बिना फीस लिए पैरवी की।सूबे की कमिश्नरेट कोर्ट का यह पहला मामला होगा जब सुप्रीम कोर्ट के वकील ऑनलाइन पैरवी में शामिल हुए। वादकारियों की तरफ से बहस की और तमाम लोगों को गुंडा एक्ट की कार्रवाई से मुक्ति मिल गई।



### कमिश्नरेट बनने के बाद मिले थे 3853 मामले

प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद 3853 गुण्डा एक्ट के वाद पुलिस आयुक्त न्यायालय स्थानान्तरित हुए थे। यह वाद वर्ष 2008 से लेकर 2022 तक के थे। इतने अधिक लम्बित वादों को अभियान चलाकर निस्तारित करने के लिए पुलिस आयुक्त न्यायालय को सप्ताह में 2 दिवस के स्थान पर 3 दिवस किया गया। इसी अभियान के तहत पिछले शनिवार 107 वादों का निपटारा किया गया था।

### नहीं कर पा रहे थे पैरवी, राहत मिली तो दी दुआ

गुंडा एक्ट का नोटिस जारी होने के बाद बहुत सारे ऐसे लोग थे जो अपने मामलों की पैरवी नहीं कर पा रहे थे। किसी के पास रुपए नहीं थे तो किसी के पास परिवार के लोग नहीं पहुंच पा रहे थे। ऐसे लोगों के लिए यह सुनवाई बड़ी राहत लाई। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने भी कहा कि वह ऐसे लोगों की सुनवाई में शामिल होना चाहते हैं जो पैरवी से मजबूर हैं।

### हाईकोर्ट के आदेशों का पालन

उच्च न्यायालय इलाहाबाद के विभिन्न आदेशों और हाल में ही जारी किए गए शासनादेश के मद्देनजर इस सुनवाई को किया गया। इसमें ऐसे मामलों को चुना गया जिनमें महज एक मुकदमा होने पर गुंडा एक्ट की नोटिस जारी कर दी गई थी। ऐसे मामलों को कमिश्नर ने लिस्टिंग कराई। इसके बाद संबंधित थानों से रिपोर्ट मांगी गई कि हाल में कोई आपराधिक मामलों में शामिल तो नहीं हुआ। इसके बाद मामले निपटाए गए।

### 14 घंटे से ज्यादा लगातार सुनवाई का रिकॉर्ड

पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा भी गुंडा एक्ट के पुराने मामलों के निपटारे के लिए कमिश्नरेट कोर्ट में हफ्ते में तीन दिन बैठ रहे थे। मैराथन सुनवाई में कमिश्नर सुबह आठ बजे कोर्ट पहुंच गए। इसके बाद फाइलें दर फाइलों को पेश किया जाने लगा। सुनवाई शुरू हुई तो सुप्रीम कोर्ट की वकील स्मिता दीक्षित और करन मल्होत्रा सुनवाई में ऑनलाइन शामिल हुए। इसके बाद 14 घंटे तक लंबी सुनवाई चलती रही। शाम को कमिश्नरेट कोर्ट बंद होने के बजाय चलती रही। वादकारियों, वकीलों की आवाजाही देर शाम तक जारी रही। अभियोजन अधिकारी आनन्द कुवर गुप्त सुनवाई में शामिल हो पक्ष रखते रहे। अंत में रात तक 712 मामलों का निपटारा कर दिया गया।

# मर गई संवेदनाएं: थाने में मेमो नहीं पहुंचा... इसलिए नौ घंटे ट्रैक के पास पड़ी रही युवक की लाश

**जबकि हर ट्रेन के चालक घटना की सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को देते रहे**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के नैनी से शर्मनाक खबर सामने आई है। यहां कागजी कार्यवाही मानवीय संवेदना पर भारी दिखाई दी। औद्योगिक क्षेत्र में एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर करीब नौ घंटे तक इसलिए पड़ा रहा क्योंकि पुलिस को रेल विभाग से मेमो नहीं मिला था, जबकि वहां से गुजरने वाली हर ट्रेन के चालक घटना की सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को देते रहे। आरपीएफ और पुलिस को भी घटना की जानकारी हो गई थी। छिवकी स्टेशन से आधा किमी दूर दुबराजपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार सुबह करीब पांच बजे पहली सूचना वहां से गुजरने वाली ट्रेन के चालक ने कंट्रोल रूम को दी। स्टेशन अधीक्षक छिवकी ने संबंधित एजेंसियों को सूचना देने के साथ थाने का मेमो पटरियों के रखरखाव से जुड़े इंजीनियरिंग कार्यालय में जाकर दिया। वहां के कर्मचारियों से इसे संबंधित थाने पहुंचाने की बात कही। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों ने यह कहकर मना कर दिया कि मेमो भेजना उनका काम नहीं है।

# वायुसैनिक को स्कैमर्स ने कॉल स्पूफिंग का बनाया शिकार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** साइबर अपराधियों ने मनौरी वायु सेना स्टेशन में तैनात वायुसैनिक को कॉल स्पूफिंग का शिकार बनाया। इंटरनेट से कॉल तो खुद की, लेकिन कॉलर आईडी वायुसैनिक की प्रदर्शित हुई। जांच-पड़ताल में यह बात सामने आई कि इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय स्कैमर गिरोह का हाथ है। शिकायत पर पूरामुफ्ती पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।समीर आजाद साइबर सेल, वायु सेना स्टेशन मनौरी में कार्यरत हैं। उन्होंने तहरीर में बताया कि 29 अप्रैल की शाम से उनके पास लगातार अलग-अलग राज्यों/ ऑपरेटरों से फोन आ रहे हैं। फोन उठाने पर पर बताया जाता है कि उनकी मिस्ड कॉल थी, जबकि उन्होंने कोई कॉल की ही नहीं। उन्होंने बताया कि वह झारखंड के रहने वाले हैं और जियो टेलीकॉल का नंबर चलाते हैं। मामले की शिकायत दूरसंचार विभाग भारत सरकार से भी की गई। साथ ही राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल में शिकायत दर्ज कराई गई।पीड़ित ने बताया कि



रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड, मुंबई की डीजीएम राधा नायर के अनुसार स्कैमर इंटरनेट के माध्यम से कॉल स्पूफिंग कर रहे हैं। इस कारण से उनका मोबाइल नंबर कॉलर आईडी में प्रदर्शित हो रहा है। कंपनी के अनुसार इससे जियो नेटवर्क का लेनादेना नहीं है और यह अंतरराष्ट्रीय स्कैमर है। इसे रोकने के लिए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई जरूरी है। पूरामुफ्ती प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि अज्ञात में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### ...क्या है कॉल स्पूफिंग

साइबर एक्सपर्ट मो.हसन जैदी बताते हैं कि कॉल स्पूफिंग को एक तरह से आईडेंटिटी थेफ्ट भी कहा जा सकता है। दरअसल, इसमें साइबर अपराधी संबंधित व्यक्ति के नंबर से एक फेक कॉलर आईडी बना लेता है। इसके लिए वह अनाधिकृत तौर से मोबाइल का एक्सेस ले लेता है। इसके बाद वह वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल के जरिये लोगों को कॉल करता है और इसमें कॉलर आईडी उसी व्यक्ति के नंबर की प्रदर्शित होती है, जिसके मोबाइल का अनाधिकृत एक्सेस लिया गया है। इससे बचाव के लिए मोबाइल में प्रमाणित कंपनियों के एंटी वॉयरस सॉफ्टवेयर जरूर इंस्टाल करें। किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। इसके अलावा टैफकॉप वेबसाइट पर जाकर यह भी चेक करें कि आपके आधार पर कितने सिम एक्टिवेट हैं।

### फूलपुर कपड़ा प्रेस करते करंट लगने से ग्राम पंचायत अधिकारी की मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना अंतर्गत दीवानगंज बाजार में करंट लगने से एक सचिव की मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। पिता फूलपुर में पोस्ट आफिस कर्मचारी हैं। दीवान गंज निवासी मुन्नी लाल जो फूलपुर पोस्ट आफिस में तैनात हैं। इनका लड़का राकेश कुमार 32 वर्ष जो सुल्तानपुर जनपद के एक ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी तैनात है। बताया जाता है कि सुबह राकेश कुमार के द्वारा कपड़ा प्रेस किया जा रहा था तभी अचानक प्रेस में करंट आ जाने से वे करंट की चपेट में आ गये। जिससे वे गम्भीर रुप से घायल हो गए। सीएचसी फूलपुर में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# प्रवीण पटेल प्रचार में खर्च करने में सबसे आगे

**फूलपुर सीट से बीजेपी प्रत्याशी हैं प्रवीण, व्यय प्रेक्षक ने लिया प्रचार के खर्च का ब्योरा**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के उद्देश्य से चुनाव आयोग की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। प्रत्याशी प्रचार प्रसार में कितना खर्च कर रहे हैं इसका लेखा-जोखा लिया जा रहा है।शनिवार को सर्किट हाउस में व्यय प्रेक्षक राजकुमार प्रजापति ने फूलपुर के प्रत्याशियों के व्यय का हिसाब लिया। इसमें भाजपा प्रत्याशी सबसे आगे रहे। उन्होंने शनिवार तक 13.53 लाख रुपये खर्च किए जाने का प्रमाण दिया।इसी तरह सपा के प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य 7.15 लाख रुपये खर्च कर चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी जगन्नाथ पाल ने 4.37 लाख रुपये खर्च करने का दावा किया है। यहां कुल 12 प्रत्याशियों ने चुनावी प्रचार में व्यय का विवरण दिया। जिलाजीत भारती, प्रमोद पटेल, मुशीर अहमद सिद्दीकी, योगेश कुशवाहा, लाला राम सरोज, सुनील कुमार प्रजापति, डॉ. नीरज और अखिलेश त्रिपाठी ने भी खर्च का ब्योरा दिया।

### अपना दल कमेरावादी प्रत्याशी महिमा पटेल समेत चार प्रत्याशियों को जाएगी नोटिस

अपना दल कमेरावादी की प्रत्याशी महिमा पटेल सर्किट हाउस तो पहुंची थी लेकिन उन्होंने खर्चे का लेखा जोखा नहीं दिया। इनके अलावा नफीस अहमद, संगीता यादव व संजीव कुमार मिश्र ने भी ब्योरा नहीं प्रस्तुत किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा के अनुसार, जिन चार प्रत्याशियों ने खर्चे का ब्योरा नहीं प्रस्तुत किया है उन्हें धारा 77 के तहत नोटिस भेजी जा रही है।

# नैनी में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका हैंडबाल प्रशिक्षण शिविर अभिमन्यु हैंडबॉल मैदान मे प्रारंभ

**ग्रीष्म कालीन हैंडबॉल प्रशिक्षण शिविर में चयनित हुए जिले के 60 खिलाड़ी**

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी अभिमन्यु हैंडबॉल मैदान पर जिला स्तरीय 30 दिवसीय बालक एवं बालिका हैंडबॉल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अरविंद मिश्रा क्रीड़ा अधिकारी इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज व महासचिव उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ कौशल कुमार दीक्षित द्वारा किया गया प्रशिक्षण शिविर हेतु 40 बालक व 20 बालिकाओं ने प्रशिक्षण शिविर चयन प्रतियोगिता में प्रतिभा किया जिनमें से सभी प्रतिभागियों का चयन किया गया समस्त प्रतिभागी 13 मई से 30 दिवस तक सुबह व शाम को दो पारियों में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा मुख्य अतिथि डॉक्टर अरविंद मिश्रा द्वारा उक्त प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभा कर रहे समस्त खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया तथा कई राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर उनको पुरस्कृत किया उनके द्वारा बताया गया कि नैनी में हैंडबॉल के प्रदेश के सबसे अच्छे खिलाड़ी होते हैं जो प्रदेश के साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय में खेलकोटे अंतर्गत प्रवेश लेकर विश्वविद्यालय को हैंडबॉल खेल में अपना योगदान देंगे वही महासचिव उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ व जिला हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता में समस्त प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को अच्छी खेल सुविधाओं के साथ अच्छी खेल तकनीक के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक जो क्वालीफाई हैं नियुक्त किया गया है प्रशिक्षण में नेहा पांडे अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल रेफरी राम बहादुर सिंह राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक सचिन रावत अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी मयंक दीक्षित राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी द्वारा समस्त प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा तथा ग्रीष्मकालीन हैंडबॉल शिविर के संयोजक गोविंद कुमार निषाद होंगे उक्त अवसर पर ग्रीष्मकालीन हैंडबॉल प्रशिक्षण शिविर को प्रारंभ करने के लिए मंडलीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व जिला क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व क्रीड़ा अधिकारी इलाहाबाद राज्य विश्व विद्यालय भास्कर शुक्ला डायरेक्टर अपेक्स एजुकेशन सोसायटी बद्रीनाथ दीक्षित अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ योगराज मिश्रा वरिष्ठ खिलाड़ी उमेश उपाध्याय जगजीवन जगदीश बिट्टू भैया व अतुल सिंह राजकुमार सिंह दीपक कुमार सिंह संकेत मिश्रा आदि ने अपनी शुभकामनाएं खिलाड़ियों को दी।

### चक भटाई वार्ड 81 के पार्षद मयंक यादव ने भाजपा कार्यकताओं को किया सम्मानित



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चक भटाई वार्ड 81 के पार्षद मयंक यादव ने अपने अपने वार्डों में भाजपा की नीतियों और सरकार की योजनाओं के प्रचार और भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के लिए दिन रात मेहनत करने वाले नैनी मंडल के विशिष्ट कार्यकताओं और पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया चक भटाई वार्ड 81 के पार्षद व नगर निगम प्रयागराज के कार्यकारिणी सदस्य मयंक यादव ने नैनी के विभिन्न वार्डो के प्रमुख कार्यकताओं को अपने निवास पर आमंत्रित किया और उन्हें उनकी मेहनत के लिए भाजपा का स्मृति चिन्ह भेंट करके उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव ने उपस्थित कार्यकताओं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा की सभी पदाधिकारी अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करते हुए पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाएं और भाजपा के 400 पार के नारे को सफल बनाएं ताकि हमारा देश समृद्ध और शक्तिशाली बन सके। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने भी कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, नीरज शर्मा, शशांक पाण्डेय, रितेश शुक्ला बाबा, नित्यानंद मिश्रा, प्रदीप कुमार तिवारी और सुनील कुशवाहा, राज सिंह भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मां के बिना जीवन नहीं : महंत जगतार मुनी

**मातृ शक्तियों के सम्मान में पुष्प वर्षा करते हुए किया गया पूजन वंदन आरती**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन के प्रांगण में समाजसेवी एवं जनहित संघर्ष समिति के युवा अध्यक्ष अभिलाष केसरवानी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मातृ शक्तियों को सम्मानित करते हुए आरती पूजन वंदन किया गया। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जय शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकारनाथ त्रिपाठी एवं श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन के पूज्य महंत जगतार मुनि जी ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी ताकत और शक्ति मां होती जिसके आगे ईश्वर भी नतमस्तक होता है और उसकी गोद में खेलता है और कहा कि मृत्यु के हजारों रास्ते हैं पर जीवन प्राप्त करने का सिर्फ एक ही मार्ग है वो है मां इसलिए मां के बिना जीवन संभव नहीं है इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी एवं जनहित संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रमिल केसरवानीने कहा कि सनातन संस्कृति में मां का सर्वोच्च स्थान दिया गया है लेकिन आज मनुष्य



अपनी संस्कृति को भूलता जा रहा है और मां की सेवा ना करके उसे वृद्धा आश्रम में भेज रहा है जो महा पाप कर रहा है जिसकी कोई माफी नहीं है इसलिए हम सबको आज के अवसर पर संकल्प लेना होगा कि हमें अपनी मां की सेवा करना है और उन्हें कभी अपने से अलग नहीं होने देना है। इस अवसर पर फुलवारी नर्सरी के द्वारा वृक्ष वितरित किए गए। कार्यक्रम की संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे। इस अवसर पर दिनेश यादव, पूजा जोगी, सुमित केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, संजय गुप्ता, रवि केसरवानी, संजीव सक्सेना जूही सक्सेना, सत्येंद्र केसरवानी आदि रहे।

### प्रयागराज छिवकी से मानिकपुर तक अवैध वेंडरों के विरूद्ध चलाया गया अभियान

**प्रयागराज।** रविवार को प्रयागराज मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक, श्री हिमांशु बडोनी एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, श्री हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में सहायक मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, दिनेश कुमार के नेतृत्व में प्रयागराज छिवकी से मानिकपुर तक ओवर क्राउड से यात्रियों को निजात दिलाने हेतु अनाधिकृत यात्रियों, स्टेशनों पर बिना स्वीकृत वाले सामान का बेचा जाना, अवैध वेंडरों के विरुद्ध चलाया गया अभियान गया. इस अभियान में 04 गाड़ियों की सघन जांच की गयी। इस जांच अभियान में अनधिकृत यात्रा, अनियमित यात्रा, स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने में 261 यात्रियों को नियमनुसार प्रभारित कर जुमार्ने में 160300/- रुपये वसूल किया गए ' इस दौरान गाड़ी संख्या 22912, हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस के पैंट्री कार, प्रयागराज छिवकी एवं मानिकपुर के स्टालों पर मान्य ब्रांड के आइटम होते हुए भी अन्य ब्रांड की सामग्री बेचने के कारण उन्हें जब्त किया गया। खानपान के स्टालों पर पहचान पत्र, मेडिकल प्रमाणपत्रों की बारीकी से जांच की गयी. मानिकपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर स्थित स्टाल द्वारा कार्यरत कर्मचारियों के अधिकार पत्र न दिखाने एवं असहज रूप से पेश आने के कारण स्टाल का संचालन अस्थायी रूप से अग्रिम आदेश तक बंद कर दिया गया।

# नैनी बाजार में लोकसभा प्रत्याशी के लिए विशाल जनसंपर्क यात्रा निकाली

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी चक रघुनाथ वार्ड नंबर 20 के पार्षद एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल के निवास स्थान शंकर ढाल से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के साथ में विशाल जनसंपर्क यात्रा निकाली इसमें नैनी वार्ड के सभी पार्षद एवं भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। जनसंपर्क शंकर ढाल से होते हुए नैनी बाजार में व्यापारी लोगों का काफी समर्थन मिला सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को व्यापारी लोगों ने माला पहनकर स्वागत किया वही नैनी बाजार में लोगों ने सांसद प्रत्याशी व भाजपा कार्यकर्ता के ऊपर फूलों की वर्ष करके स्वागत किया। वहीं पार्षद एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल सभी व्यापारी लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि पहले मतदान फिर दूसरा काम। भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिकृष्णा तिवारी बबलू रानू तिवारी जय किशन तिवारी मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी आकाश वर्मा धर्मराज पटेल शिव सिंह संजय श्रीवास्तव सुनील कुशवाहा नीरज शर्मा राज सिंह अतुल सिंह महिला मोर्चा आकांक्षा जायसवाल घनश्याम जायसवाल वरिष्ठ पार्षद प्रदीप मेहरा पार्षद मयंक यादव पार्षद रणविजय सिंह डब्बू अनूप भारतीय वही सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीओके हमारा है हम उसे लेकर रहेंगेः अमित शाह

## धूप में अपार भीड़ देखकर कहा- यह जनता का प्यार, विनोद सोनकर का तीसरी बार जीतना तयः गृह मंत्री



हीरागंज की सभा में जनता का अभिवादन स्वीकारते गृह मंत्री अमित शाह।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के कुण्डा तहसील के हीरागंज में कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र के मां नायर देवी धाम के समीप एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने सम्बोधन की शुरुआत भगवान राम के जयकारे से लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर में 370 धारा खत्म करके वहां शांति का माहौल कायम किया तो राहुल बाबा कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो 370 वापस लाएंगे।

उन्होंने कहा कि पीओके हमारा है, वहां की जनता भी भारत में रहने को आतुर है और हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में आतंकवाद, गुण्डागर्दी से जनता को चैन से रहना मुश्किल हो गया था। आज आतंकवाद व नक्सलवाद समाप्त हो चुका है। मोदी सरकार की विकास कार्यों की उत्साह से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज इतनी गर्मी में आई अपार भीड़ ने कौशाम्बी का रिजल्ट साफ कर दिया है। यहां के प्रत्याशी विनोद सोनकर तीसरी बार फिर जीतें और मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करेंगे। इण्डिया गठबंधन के नेताओं की खिल्ली उड़ाते हुए अमित शाह ने कहा कि विनोद सोनकर के प्रयास से गंगा पुल, गरीबों को आवास और 50 बेड का अस्पताल मिला है। आज जो सरकार विकस कर रही है और देश व प्रदेश में शांति है, यह विपक्ष बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां केला सबसे ज्यादा होता है। इसे वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। मंच पर पूरे कार्यक्रम में विनोद सोनकर गृह मंत्री के पास खड़े थे। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिला प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल, विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी सुरेश आदि लोग मौजूद रहे।

### अटकलों पर लगा विराम, राजा भैया ने नही किया मंच साझा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** बाबागंज विधान सभा के नगर पंचायत हीरागंज में आयोजित चुनावी जनसभा में राजा भैया द्वारा भी गृहमंत्री अमित शाह के साथ मंच पर साझा करने की चल रही अफवाह पर विराम दिखाई दिया। अफवाह और अटकलों पर उस समय दिखाई लगता दिखाई दिया जब राजा भैया व उनके समर्थक जनसभा मे नही पहुँचे। बैंगलरू में अमित शाह से मुलाकात के बाद इलाके में चर्चा फैली थी कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भी हीरागंज नगर पंचायत में आयोजित जनसभा में अमित शाह के साथ मंच साझा कर सकतें हैं मामलें पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की ओर से कोई बयानबाजी नही की गई। चुनावी जनसभा में शामिल न होने पर राजा भैया ने अपना इरादा साफ कर दिया कि अभी बीजेपी को अपना समर्थन नहीं देने का मन है।



माताओं को उपहार देते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

## मातृ दिवस प्रतिदिन मनाना चाहिए माँ से बड़ा इस दुनिया में कोई नहीं

### एलायंस क्लब ने वृद्धाश्रम में रह रही माताओ का किया सम्मान दिए उपहार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मातृ दिवस पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा वृद्धाश्रम महुली में निवास कर रही माताओ को उपहार देकर सम्मानित किया गया। गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में क्लब के पदाधिकारीयो ने मदर्स डे पर वृद्धाश्रम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी 20 माताओ को माला पहनाकर व उपहार आदि देकर सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

रोशनलाल ने सभी माताओ के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हुए कहा कि मेरी माता आज इस दुनिया में नहीं है लेकिन मुझे वृद्धाश्रम में रह रही सभी माता का आशीर्वाद सदैव मिलता रहता है। आज जिन बेटों ने इन्हें यहां छोड़ दिया है वह बहुत ही दुर्भाग्य शाली है। वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, पूनम गुप्ता, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, आदर्श कुमार, अंबिका प्रसाद, विवेक कुमार, अमित कुमार, धर्मेंद्र, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मदर्स डे पर बच्चा बैंक ने शाल देकर माताओं का किया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हमसे किसी ने पूछा स्वर्ग कहां है,मैने कहा जिस घर में मां हो वह स्वर्ग है...। मां संतानों को कभी भी अपने आंचल से दूर नहीं रखती है। मदर्स डे पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के द्वारा मातृ पूजन और वंदन कार्यक्रम में यह झलक देखने को मिली। बच्चों ने ग्रुप की ओर से अपनी माओ का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया और पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अपनी माओ के साथ कार्यक्रम में शामिल होने आए छात्र साहिल बोला कि उसकी दुनिया उसकी मां है। जो उन्हें संस्कार दे रही है। रागिनी कहती हैं कि मां ने कभी भी पिता की कमी नहीं महसूस होने दी। मेहनत मजदूरी करके पढ़ा रही। मुझे अपनी मां पर गर्व है। हिमांशु कहते हैं उनकी जैसी माता सभी की हो। छात्र निखिल मां को ईश्वर का दर्जा देते हैं। कृष्णा कहते हैं मां उनका ध्यान रखती है। अच्छी सीख देती है। शुभम ने कहा वे कभी भी मां को दुखी नहीं करेंगे। उनका साया हम सभी भाईयों पर बना रहे। का यक्रम का संचालन प्रिंसिपल शनि ने किया। उन्होंने मातृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सम्पत्ति देवी, कमला, उषा, रंचन, संगीता और प्रभावती को ग्रुप की तरफ से सम्मानित किया गया। माताओं ने कार्य को सराहा। बोली मदर्स डे क्या होता उन्हें आज पता चला।

### भंगवा के फ्री स्टडी सेंटर पर आयोजित हुआ मातृ वंदन पूजन

## प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर केपी कालेज की हुई साफ-सफाई

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रशास ने शुरु की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 16 मई को प्रतापगढ़ आगमन को लेकर प्रशासन चौकन्ना हो गया है। राजकीय इंटर कालेज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा होगी तथा केपी कालेज में उनका हेलीकाप्टर उतरेगा। ऐसी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आ सकते हैं। इसको लेकर प्रशासन सतर्क है। जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर आज नगर पालिका केपी कालेज में साफ-सफाई कर रही है। इस बारे में पूछने पर नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ईओ राम अचल कुरील के निर्देशन में साफ-सफाई के अलावा पेयजल और टायलेट की व्यवस्था भी की जाएगी। उधर एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं आईजी रेंज प्रयागराज प्रेम गौतम और जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल ने पुलिस लाइन्स प्रतापगढ़ संई काम्प्लेक्स व बेल्हा हाल में समीक्षा की गई एवं जनपद के समस्त थानों में लगे सीसी टीवी कैमरे की मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम में लगे एलईडी टीवी स्क्रीन पर सीसीटीवी कैमरे की स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उसके बाद जीजीआईसी कॉलेज ग्राउंड का भ्रमण कर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश एडीजी एवं आईजी ने दिये। बता दें कि आगामी लोकसभा के चुनाव को देखते हुए एवं बीबीआईपी नेताओं के आगमन को लेकर जिला प्रशासन एलर्ट दिख रहा है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में, सात घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने मार-पीट कर सात लोगों को घायल कर दिया। जिसमें महिला सहित सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भिजवाया। कोतवाली इलाके के दशरथपुर गांव के रहने वाले हाफिज ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद चल रहा है। इस विवाद के चलते रविवार की दोपहर 1:00 बजे के आस-पास उक्त लोगों ने मां बहन को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए हजरत की पिटाई करने लगे। यह सब देख उसकी बहन नगीना, पत्नी नाजिम, बचाने के लिए आई तो उसे भी लाठी डंडों से मारने लगे। पत्नी हसीना बानो, रिश्तेदार चंदा पुत्र राशिद, नूरजहां, पत्नी हाफिज, गुलशन पुत्र हाफिज, को भी लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। हाफिज ने बताया कि पड़ोसियों के घर पर शादी थी रिश्तेदार आए हुए थे उक्त लोगों ने रंजिश को लेकर मार-पीट की है। हल्ला गुहार होने पर लोगों के बीच बचाव करने से सभी की जान बची पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भेजा जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और प्रार्थना पत्र के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अध्यक्ष गोविन्द प्रसाद खण्डेलवाल व सचिव शिशिर खरे ने संभाला अपना दायित्व

## भारत विकास परिषद विशाल शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मोतीमहल के सभागार में भाविप की विशाल शाखा, प्रतापगढ़ का दायित्वग्रहण समारोह भव्यता पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रयाग प्रांत से निशा जायसवाल, क्षेत्रीय मंत्री संस्कार, अनूप चंद्र जैन, प्रांतीय अध्यक्ष, अमित श्याम, प्रांतीय महासचिव एवं श्री रमा शंकर सिंह, प्रांतीय वित्त सचिव के अतिरिक्त केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पर्यावरण अरुण कुमार जायसवाल भी उपस्थित रहे।

मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन, मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद को पुष्पार्पण के उपरांत,



भारत विकास परिषद विशाल शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

राष्ट्रगीत के समवेत स्वरों में गायन के साथ, सभा का विधिवत् शुभारम्भ हुआ। डॉ. पीयूष कांत शर्मा द्वारा मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराया गया। शाखा सचिव अश्विनी केसरवानी की आकस्मिक अनुपस्थिति में विगत सत्र के कार्यों की आख्या प्रांतीय उपाध्यक्ष उदय भानु सिंह द्वारा प्रस्तुत की गयी। अमित श्याम, प्रांतीय महासचिव ने शाखा से जुड़ने वाले चार नए सदस्यों रामजी जयसवाल, द्वारिका प्रसाद चतुर्वेदी, राजेश अग्रवाल एवं श्री कृष्ण चंद्र पाण्डेय को शपथ ग्रहण कराया। प्रांतीय महासचिव अमित श्याम ने अपना सारगर्भित पाथेय प्रस्तुत किया। गिरिजा शंकर मिश्र, पूर्व अध्यक्ष ने नवीन कार्यकारिणी सत्र 202-25 के सदस्यों का शपथग्रहण हेतु आवाहन किया।प्रांतीय अध्यक्ष अनूपचन्द्र जैन ने नयी कार्यकारिणी के सदस्यों को उनके दायित्व से संबंधित शपथ ग्रहण कराया। इस वर्ष की कार्यकारिणी में अध्यक्ष गोविंद प्रसाद खंडेलवाल, सचिव शिशिर खरे, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शुक्ल, उपाध्यक्ष संस्कार, डॉ. पीयूष कांत शर्मा, उपाध्यक्ष सेवा अश्विनी केसरवानी, उपाध्यक्ष संपर्क शरद कुमार केसरवानी, महिला एवं बाल विकास संयोजिका श्रीमती नमिता पाण्डेय, संगठन सचिव श्री नारायण शुक्ल चयनित हुए। प्रांतीय अध्यक्ष अनूप चंद्र जैन ने उपस्थित सदस्यों के समक्ष अपना भावपूर्ण उद्बोधन प्रस्तुत किया।

# इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल की सभा में जुटी भीड़

## दर्जनों गांव में जनसम्पर्क कर मांगा आशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने रविवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जिले के विधानसभा प्रतापगढ़ क्षेत्र के ताला, रामपुर, नरी, अंतू बाबूगंज, बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन करने के बाद लोगों से मुलाकात की और दर्जनों गांव में जनसंपर्क एवं बैठक के जरिए अपने पक्ष में जन समर्थन मांगते हुए आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा शासन में आमजन परेशान हैं। दावा किया गया कि हर घर जल, जो 889 गांव में पहुंचना था, परंतु 25 गांव में ही पहुंच पाया है। नल से जल, इस तरह से उनकी सारी योजनाएं कागजों में धरी की धरी रह गई है। लोकसभा प्रतापगढ़ में विकास कार्य को अनदेखा किया जा रहा है। लोगों को बड़ी दिक्कत होती है। इस दौरान इंडिया गठबंधन प्रत्याशी एस पी सिंह पटेल ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के मान-सम्मान के लिए वे सदैव तत्पर हैं। इस मौके पर समसुल प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष राम बहादुर पटेल, सुरेश फौजी, अमित मिश्रा, रिंकू सिंह, शमशाद, शाहिद, रहमान, विनोद सरोज, हरिशंकर तिवारी, मुन्ना चैबे आदि लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में रविवार को पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने जिले के रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के मीरपुर, शाहपुर, मुआर फाटक, सुजहा, अंतरी, मसौली, सुल्तानपुर बाज़ार सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की। इसी क्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुशील कुमार ने गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा।



जनसम्पर्क के दौरान आयोजित बैठक में बोलतीं सपा नेत्री कांती सिंह पटेल।

## अचानक हुई दो महिलाओ की मौत से गांव मे छाया मातम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरदेव नगर निवासी सूरजकली पत्नी जंग बहादुर मौर्य (55) वर्षीय कई महीनो से कैंसर से पीड़ित थी, जिनकी शनिवार की रात अचानक सांसे थम गई। इसी प्रकार पूरे धनऊ का पुरवा परियावां मे शनिवार की रात लगभग 11 बजे पारवती पत्नी स्व0 रामबोध (73) वर्षीय का उपचार ऊंचाहार के जमुनापुर मे चिकित्सक के यहां चल रहा था शनिवार को अपने घर पूरे धनऊ का पुरवा से अकेली जाँच की रिपोर्ट जमुनापुर लेने गई जंहा रिश्तेदारी भी है। थोड़ी बहुत सांस की दिक्क़त रिपोर्ट मे दिखाई दी तो वही अपने रिश्तेदार के घर रुक गई कि रविवार को चेकप कराकर घर चले जाएगे शनिवार की रात अचानक तबियत खराब हो गई रिश्तेदार लोग अपनी गाडी से ऊंचाहार सीएचसी ले गये जंहा पहुंचते ही सांसे रुक गई चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया

# माइक्रो आब्जर्वर बूथों पर संवेदनशील रहकर चुनाव को सकुशल कराएं सम्पन्नः सीडीओ

## माइक्रो आब्जर्वर प्रशिक्षण कार्यशाला का विकास भवन में किया गया समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु दो दिवसीय माइक्रो आब्जर्वर प्रशिक्षण कार्यशाला का विकास भवन सभागार में समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार ही कार्य करेगें, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर आपकी तैनाती की जा रही है, आपकी देखरेख में निर्वाचन सकुशल सम्पन्न होना है।

उन्होंने कहा कि बूथों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर प्रेक्षक/अन्य सम्बन्धित को सीधे रिपोर्ट करेगें। मतदान समाप्ति पर महुली मण्डी में आप लोग अपनी रिपोर्ट प्रेक्षक को प्रस्तुत करेगें। स्क्रूटनी के दिन सभी माइक्रो आब्जर्वर नवीन महुली मण्डी में उपस्थित रहेगें। उन्होने माइक्रो आब्जर्वर को निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर निगरानी करते हुये मतदान को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें, निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। सभी माइक्रो आब्जर्वर प्रेक्षक के प्रतिनिधि के रूप में संवेदनशील रहकर चुनाव सकुशल सम्पन्न कराएं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, प्राचार्य अफीफ कोठी मंजू वर्मा, प्राचार्य आईटीआई कुण्डा रूपेश कुमार, एलडीएम गोपाल शेखर झा सहित प्रशिक्षु माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।




प्रशिक्षण कार्यशाला में बोलते मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा।

## बसपा को झटका, आशुतोष त्रिपाठी समर्थकों संग भाजपा में शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव में एक धक्का लगा है। बसपा के सक्रिय नेता तथा पिछला विधान सभा चुनाव लड़ चुके आशुतोष त्रिपाठी इस बार लोकसभा चुनाव के बीच अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। उनको लखनऊ में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा की पट्टिका पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। बता दें कि बसपा नेता आशुतोष कुछ माह से विंध्याचल जाने वालों को निःशुल्क बस सेवा दे रहे थे। उनका झुकाव आध्यात्मिक था लेकिन किसी को आभास नहीं था कि यह बसपा छोड़ेंगे लेकिन चुनाव के समय में उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। बसपा छोड़ने की स्पष्ट जानकारी अभी नहीं है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत पुलिस ने शव भेजा पीएम को

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ननिहाल से बेटे के साथ बाइक से घर जा रही महिला को पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी, जिससे महिला की सड़क पर गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। सुल्तानपुर जनपद के कोथरा कला निवासी हीरावती पत्नी मनीराम यादव उम्र (45) वर्ष शाम को अपने बेटे अवनीश के साथ बाइक से अपने घर वापस जा रही थी। वह पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रूर गांव के काशीराम यादव के यहां अपने ननिहाल में आई हुई थी।

# मतदान बहिष्कार समाधान नहीं तो मतदान नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**पैदल साइकिल बाइक सवार जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक के ऊपर से निकलते हैं जिससे गांव के कई लोग काल के गाल में समा गए, आजादी से अब तक जनता रास्ते की कर रही मांग लेकिन ग्रामीणों को कूड़ा करकट समझते हैं जनप्रतिनिधि**




**अझुवा कौशांबी।** सामान्य लोकसभा 2024 चुनाव की प्रक्रिया चल रही है कौशांबी जनपद में लोकसभा चुनाव की तारीख 20 मई प्रस्तावित है मतदान करने से पहले ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी जायज मांग की आवाज बुलंद कर राजनीतिक दलों के प्रत्यासियों एवं दलों के माथे पर सिकन डाल दिया है आजादी से लेकर अब तक जनप्रतिनिधियों के झूठे आश्वासन और झूठे विकास के दावा से आम जनता परेशान है मूलभूत सुविधाओं के लिए सात दशक से जनता तरस रही है नेताओं से बार-बार मांग करने के बाद नेता जनता को 10 वर्षों तक लगातार कूड़ा करकट समझते रहे आजादी से लेकर आज तक गांव क्षेत्र के लोगों को एक रास्ता नहीं उपलब्ध हो सका है लेकिन मंच और माइक से नेता विकास का बड़ा-बड़ा दावा कर रहे हैं मतदान का बहिष्कार कर आम जनता ने नेताओं के विकास की हकीकत खोलकर उनकी योजनाओं को सड़क पर खड़ा कर दिया है अभी तक कनैली के भखंदा में रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर और पब्लिक की भीड़ दिखाई दे रही थी मांग पर अड़े मतदाता विकास की बात कर रहे हैं भरवारी कस्बे में भी मतदान बहिष्कार के घोषणा के पोस्टर वायरल होने के बाद हलचल मच गई थी इसके अलावा कई क्षेत्र में भी मतदान बहिष्कार की घोषणा मतदाताओं द्वारा की गई है भाजपा सांसद के लापता होने सपा विधायक के गुमशुदा होने के चलते चुनाव का बहिस्कर करने के पोस्टर के बाद रोड नहीं तो वोट नही का पोस्टर लगाकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार शुरू कर दिया। सिराथू विधान सभा के हिसाम पुर माढो गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के नेतृत्व में अपनी मांग को रखते हुए मतदान के बहिष्कार की घोषणा की है हिसाम पुर माढो गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने कागज की तख्तियों पर लिखे श्लोगन दिखाते हुए प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाए हैं ग्रामीणों ने बताया कि हिसाम पुर माढो गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग,अझुवा सैनी लोंहदा,परास ,अलीपुर जीता सहित कई दर्जनों गांव को जाने का एक मात्र रास्ता बनियन का पुरवा के पास दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग का अंडर पास है ब्रिटिश काल में बनाए गए इस अंडरपास रास्ते में थोड़ी सी बरसात में ही रास्ते में कमर तक पानी भर जाता है जिससे कई महीने आवागमन बाधित रहता है मजबूरी में कार सवार लोग दूसरे रास्ते से जाने को मजबूर होते हैं पैदल साइकिल मोटरसाइकल सवार जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक के ऊपर से निकलते हैं जिससे गांव के कई लोग काल के गाल में समा गए। लेकिन इन नेताओं के सेहत में कोई फर्क पड़ता नहीं दिखाई पड़ा है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है ग्राम प्रधान , बी डी सी,और ग्रामीणों ने बताया कि अंडर पास में पानी भर जाने की शिकायत उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रदेश के उपमुखमंत्री सहित जिले के उच्च अधिकारियों को पत्र और स्वय उपस्थित होकर दिया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई 10 वर्ष से भाजपा सांसद विनोद सोनकर को अनगिनत बार मांग पत्र दिया लेकिन सांसद जी हम ग्रामीणों को कूड़ा करकट समझते हैं कोई जवाब नहीं दिया पत्रों को रद्दी की टोकरी में फेंक कर ग्रामीणों को अपमान करते हैं अब 2024 के चुनाव में हम ग्राम वासी मतदान का बहिष्कार करते हैं जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होगा मतदान नहीं किया जाएगा।

## पुरानी रंजिश के चलते कुल्हाड़ी से महिला पर प्राण घातक हमला, गम्भीर घायल

**महगांव कौशाम्बी।** जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पट्टीपरवेजाबाद गांव में महिला पर कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला करने का मामला सामने आया है। जहां पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। बता दें कि इस हमले में महिला के सर पर युवक ने कई बार कुल्हाड़ी से वार कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। प्रहार इतना जोरदार था कि महिला मौके पर ही खून से लथपथ होकर बेहोश हो गई। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक पट्टीपरवेजाबाद के रहने वाले मूलचंद्र पुत्र स्व जगमोहन ने मामले की सूचना संदीपन घाट थाना प्रभारी दी कि उसका भाई शिव कुमार उससे रंजिश रखता है , आज से करीब एक वर्ष पूर्व किसी बात को लेकर विवाद किया जिसको लेकर शिव कुमार ने मूलचंद्र व उसकी पत्नी सुमन देवी को बेरहमी से मार पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । जिससे मूलचंद के शरीर पर काफी चोट आई थी और कान का पर्दा फट गया जिससे मूलचंद्र को अब सुनाई भी नहीं देता है। घटना को लेकर मूलचन्द्र ने थाने में सूचना देकर शिवकुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था उसी मुकदमा के संबंध में विपक्षी शिवकुमार ने सुलह समझौता करने को कहता लेकिन शिवकुमार की पत्नी सुलाह करने से इनकार कर दी तो बीते शनिवार को समय करीब 5:00 बजे शाम को रास्ते में मिट्टी फेंकने की विवाद के बहाने शिवकुमार ने मूलचंद्र की पत्नी सुमन देवी को भद्दी भद्दी गाली गलौज देने लगा विरोध पर वह आग बबूला हो गया और मूलचंद्र की पत्नी सुमन को जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से सर पर कई बार वार कर दिया जिससे मूलचंद की पत्नी सुमन देवी बुरी तरह से घायल हो गई ।

## न्यूज झरोखा

### धूमधाम से मनाया गया हजरत सैय्यद बाबा का सालाना उर्स



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील के अंतगर्त झंडापुर गाँव मे हजरत सैय्यद बाबा का उर्स मुबारक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सालाना उर्स का आयोजन 11और 12 मई को अकीदत और एहतेराम के साथ मनाया गया। सुबह मजारे पाक का गुस्ल एव चादर पोशी व कुरआन ख्वानी से शुरू हुआ। उर्स देर रात नातिया व तकरीर के साथ खत्म हुआ। दिन भर भारी संख्या में जायरीनों का बाबा के मजार पर आना जाना लगा रहा। भारी संख्या में लोगों ने मन्नतें मांगी और फातेहा पढ़ा। इस दौरान भारी संख्या में लोग शामिल हुए।और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए जियारत का सिलसिला शनिवार से रविवार की शाम तक चला। हजरत सैय्यद बाबा के उर्स में अकीदत मंदों की भीड़ बढ़ती रही। इसके भारी संख्या में हिंदू और मुसलमानों के उर्स में मौजूद लोग शिरकत करने से गंगा जमुनी तहजीब का मरकज बना रहा । बाबा के मजार पर एक ओर जहां भारी संख्या में मुसलिमों की भागीदारी होती है तो वही हिंदू आस्थावानों की गिनती भी कम नहीं होती। और देर रात महफिले शमा का कार्यक्रम शुरू रहा। उर्स के दौरान मोहम्मद अख़्तर प्रधान झंडापुर, मोहम्मद वैश, खुर्शीद अहमद, मोहम्मद अख्तर(अध्यक्ष), मोहम्मद अहमद(अध्यक्ष), तमजीद अहमद, मो. अलीम, इफ्तिखार अहमद।,नियमत उल्ला प्रधान भटपुरवा आदि के देख रेख मे उर्स संपन्न हुआ।

### सीएचसी में मरीजों का होगा ऑपरेशन, आशाएं मरीजों को पहुंचाएंगी अस्पताल



**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल में शनिवार को सीएमओ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था देखी। इसी के साथ-साथ आशाओं को निर्देश दिया कि अस्पताल में ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद जानकारी नहीं होने से मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं। ऐसे मरीजों को सीएचसी में लाकर भर्ती कराएं, जिससे उनको निः शुल्क ऑपरेशन का लाभ मिल सके। शनिवार सुबह सीएमओ डा. सुष्पेंद्र कुमार निरीक्षण करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान डिजिटल एक्सरे, खून की जांच, हाइड्रोसील, फोड़े, हार्निया आदि के ऑपरेशन होने की जांच की। इसके बाद उन्होंने बताया कि सीएचसी परिसर में कूलर, वेट मशीन, आरओ प्लांट लगाया गया है। अस्पताल परिसर में मौजूद डाक्टर और आशाओं को निर्देश दिया कि गांवों में लोगों को जागरुक करें कि सीएचसी में हार्निया और हाइड्रोसील आदि के ऑपरेशन निः शुल्क किए जाते हैं। गांव के मरीजों को सीएचसी में मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी देने का निर्देश दिया।

### ट्रेन से उतरते समय गिरा दिव्यांग अधेड़ हुई दर्दनाक मौत



**अझुवा कौशांबी** सिराथू रेलवे स्टेशन के दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर एक दिव्यांग अधेड़ ट्रेन से उतरते समय नीचे गिर गया जिसकी दर्दनाक मौत हो गई है। घटना क्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली के गरई गांव निवासी सुरेश पटेल पुत्र बचूलाल दवा कराने प्रयागराज गया था चौरी चौरा एक्सप्रेस से वापस सिराथू स्टेशन के पर उतर रहा था दिव्यांग होने के कारण उतरने में देर हो गई जिससे अधेड़ अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया अधेड़ के गिरने से मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया ट्रेन गुजरने के बाद लोगों ने देखा तो जीवित था सूचना पर सिराथू रेलवे पुलिस ने गंभीर घायल अधेड़ को नजदीकी सिराथू अस्पताल में भर्ती कराया जहां गंभीर स्थिति देख डॉक्टरों ने घायल अधेड़ को उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर कर दिया जहां उपचार के दौरान अधेड़ की मौत हो गई रेलवे पुलिस ने शव कब्जे ने लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं गरई ग्रामीणों के मुताबिक मृतक ट्रेनों में भीख मांगता था मृतक 3 पुत्रों का पिता था मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### पारिवारिक कलह से युवक ने खाया जहर हुई मौत



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के लोंहदा ग्राम सभा में एक युवक ने पारिवारिक कलह के चलते जहर खा लिया जब तक परिजन कुछ समझ पाते युवक की तड़पकर मौत हो गई विनोद नट उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र छबीले का अपनी पत्नी बिजली देवी से किसी बात पर विवाद हो गया विवाद से आहत युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया सूचना पर पहुंची पथरावा पुलिस चौकी इंचार्ज आलोक राज ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुट गए हैं,बिजली देवी मृतक की दूसरी पत्नी बताई जा रही है।

### जेसीबी मशीन में उतरा हाइबोल्टेज करंट दो कर्मचारी झुलसे



**कोखराज कौशांबी** एनएचएआई के कर्मचारियों द्वारा सिराथू तहसील के कोखराज क्षेत्र के मालक भायल में बस स्टैंड के पास विद्युत खंबे में लाइट लगाए जाने का काम किया जा रहा है इसी बीच जेसीबी मशीन में 33000 केवीए का हाई वोल्टेज विद्युत करंट उतर आया जेसीबी मशीन में काम करने वाले हाईवे के दो कर्मचारी को विद्युत करंट का झटका लग गया कर्मचारियों को विद्युत करंट लगते ही मौके पर अपना तफरी मच गई और विद्युत करंट से झुलसे कर्मचारी शुभम अवस्थी व संदीप मिश्रा निवासी फतेहपुर को इलाज के लिए नवजीवन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### सपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का सैनी में किया गया स्वागत



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच समाजवादी पार्टी ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया है। नरेश उत्तम की जगह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्यामलाल पाल को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। सपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के कौशांबी में प्रथम आगमन पर सपाइयों ने रविवार की शाम सैनी चौराहे पर श्यामलाल पाल को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया । जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सिराथू विधानसभा के पहाड़पुर कोदन में स्थित सपा के चुनाव कार्यालय पहुंचे जहां सपाइयों के साथ बैठक कर चुनावी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए । इस दौरान जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव , विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज अहमद , सपा नेता भैयालाल पाल , धर्मेंद्र पाल , सुमित पांडेय , अजय मौर्य , शिव शक्ति कुशवाहा , अश्वनी पाल , मो हासिम , सुरेश पाल , जगदीश यादव , देव मणि पाल , भूप सिंह पाल , क्त्यायनी पाल , विनोद पाल, नरेश पाल , राजा पटेल शाहिद तमाम पार्टी नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से दर्ज किया था मुकदमा

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवा के अंतर्गत देवीलाल के पुरवा में 7 मई की सुबह गांव में नरोत्तम दास और रामगोपाल के बीच दोनों पक्षों में जमकर डंडे चले थे एक महिला का आरोप था कि उसको वस्त्रविहीन कर दिया गया है इस हमले में कई लोग घायल हुए थे दो पक्ष के बीच हुए विवाद के मामले में पुलिस ने 8 मई को ही दोनों पक्ष की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है हमले में कई लोग घायल हुए थे जिनका इलाज चल रहा है

## दबंगो ने महिला को बेरहमी से पीटा थाने में शिकायत

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहिउद्दीनपुर गौस गांव में बंजर जमीन पर घूर फेकने को लेकर दबंग पिता पुत्र ने महिला को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक मोहिउद्दीनपुर गौस गांव की उषा देवी पत्नी जगलाल को उसके गांव के लल्लू पुत्र सजीवन व सजीवन पुत्र स्व.पचई लाल ने गाली गलौज देते हुए घसीट कर लाठी डंडों से मारने पीटने लगे जिससे उषा देवी के दाहिने हाथ पर चोट आई मारपीट का विरोधी किया और शोर मचाने पर उषा देवी का लड़का बीच बचाव किया तो उषा देवी की जान बच पाई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

# मास्टर ट्रेनरों द्वारा आज तीसरे दिन भी मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण



**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज तीसरे दिन एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा पोलिंग पार्टी के समस्त मतदान कार्मिकों को सामान्य, ई0वी0एम0, एम0पी0एस0 ऐप एवं वेबकास्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया तथा समस्त पोलिंग पार्टी के पीठासीन अधिकारी के मोबाइल में एमपीएस ऐप को इंस्टॉल भी कराया गया। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिक-पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को उनके कार्या एवं दायित्वों की जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/दायित्व की विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था,वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल, स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से सम्बन्धित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप मे समय-समय पर दी जाने वाली सूचनाओं की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए पूरी ऐप पर किये जाने वाले समस्त कार्यों को डेमो वीडियो के माध्यम से भी प्रदर्शित कर अवगत कराया गया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार द्वारा मतदान केंद्र पर होने वाली वेबकास्टिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसमे लगे कैमरा के एंगल एवं सावधानियों के विषय में बताया इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## सामान्य प्रेक्षक ने द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण कर लिया जायजा

**कौशाम्बी।** सामान्य प्रेक्षक डॉ0 विशाल आर0 ने मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी,मतदान अधिकारी- प्रथम,द्वितीय व तृतीय) को एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज तीसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर का भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सच्चिदानन्द यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन निष्पक्ष, पारदर्शी शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करायें : डीएम



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज तीसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-प्रथम,द्वितीय व तृतीय) को दिए जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को उनके कार्यों दायित्वों की जानकारी देते हुए कहा कि अपने कार्यों दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन निष्पक्ष,पारदर्शी,शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करायें।

## निर्माणाधीन मकान में तीसरी मंजिल से गिरा राजगीर मिस्त्री की मौत

**कौशाम्बी** पिपरी थाने के तिल्हापुर मोड बाजार में रविवार दोपहर मकान का निर्माण कर रहा राजगीर तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरायअकिल थाने के अमिरसा गांव निवासी हरीलाल (56) पुत्र मसूरियादीन पेशे से राजगीर था। परिजनों के अनुसार वह पिपरी थाने के तिल्हापुर मोड़ बाजार निवासी दिलीप प्रजापति के मकान का निर्माण कर रहा था। रविवार को वह निमार्णाधीन मकान के तीसरी मंजिल से अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर मौके पर जुटे साथी मजदूरों ने उसे उठाकर पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजगीर के मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था की पहली बैठक सम्पन्न




**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था की पहली बैठक सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष वेटरन अजमेर बहादुर सिंह ने की बैठक में लगभग 60 से अधिक पूर्व सैनिकों ने भाग लिया जिसका संचालन वेटरन अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया सबसे पहले बैठक में शामिल होने वाले सभी सदस्यों ने उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था की सदस्यता एवं परिचय पत्र बनवाने हेतु फॉर्म भरे और लोगो बदलवाने के लिए अपनी कैप जमा करवाई साथ ही सबने पुराना बैज देते हुए संस्था का नया बैज प्राप्त किया प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन से संस्था बनाने के कारणों से सभी सदस्यों को अवगत कराया तथा 7 अप्रैल को मनोनीत किए गए जिले के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया कार्यकारी टीम का पूर्ण कालिक टीम के रूप में एक स्वर में सभी ने समर्थन किया सभी के द्वारा वेटरन अजय कुमार श्रीवास्तव लखनऊ जिलाध्यक्ष , वेटरन जयराम यादव जिला सचिव ,वेटरन रवि शंकर प्रसाद जिला संयोजक , वेटरन राम दुलार सिंह जिला सह संयोजक , वेटरन चन्द्र भूषण तिवारी जिला कोषाध्यक्ष , वेटरन संजय कुमार सिंह जिला मीडिया प्रभारी लखनऊ मनोनीत किए गए नन्द किशोर मिश्रा द्वारा स्वस्थ एवं सुखी जीवन पर एक संबोधन किया गया उनका सम्मान संस्था के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संस्था की तिरंगा पट्टिका भेंट करते हुए किया गया वेटरन अमरनाथ त्रिवेदी एवं वेटरन एस पी सिंह द्वारा संस्था की ओर से माननीय सदस्य नरेन्द्र कुमार मिश्रा के प्लाट पर कब्जा दिलाने तथा वेटरन दिलीप सिंह और वेटरन भगत सिंह रावत द्वारा चरक हॉस्पिटल में प्रयागराज से एंजियोप्लास्टी के लिए आए हुए वेटरन अखिलेश मिश्रा से मिलकर संस्था की तरफ से सहयोग का हाथ बढ़ने के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की , तथा अन्य सदस्यों से भी आगे आकर इस प्रकार से सहयोगी बनने का आवाहन किया वेटरन कैलाश सिंह वेटरन राकेश बाबू एवं वेटरन श्री प्रकाश सिंह ने नए सदस्यों के रूप में आज संस्था की आधिकारिक सदस्यता ग्रहण की उनको जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कैप बैज से सम्मानित करते हुए बधाई दी वेटरन राज तिवारी ने सदस्यों का प्लाट या मकान खरीदने से पहले ध्यान देने योग्य बातों की ओर ध्यान आकृष्ट किया प्रदेश अध्यक्ष ने उनसे पूर्वी यू पी में संस्था के विस्तार के लिए प्रमुख भूमिका निभाने का अनुरोध किया जिसे तिवारी ने सहर्ष स्वीकारते हुए हर संभव प्रयत्न करने का आश्वासन दिया।

# मतदान करना हमारा कर्तव्य, विहिप के बैठक में किया गया प्रेरित

**मूरतगंज प्रखण्ड के मलाक भारत और सिराथू के करनपुर में हुई बैठक**



**कौशाम्बी।** किसी समाज और संस्कृति के फैलाव के लिए मजबूत राष्ट्र पहली आवश्यकता होती है। जब आपका राष्ट्र मजबूत होगा तब समाज में शिक्षा और जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली विभिन्न संसाधनों का भी विकास होगा जो जीवन प्रत्याशा को बढ़ाता है। हम सभी भारत के रहने वाले प्रजातांत्रिक मूल्य का सम्मान करते हैं और इसको मजबूत बनाए रखने के लिए प्राथमिकता के आधार शत प्रतिशत मतदान को करना हमारा संकल्प होना चाहिए। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने मूरतगंज प्रखण्ड के मलाक भारत और सिराथू के करनपुर में हुई बैठक के दौरान हुई बैठक के दौरान कही। संत यात्रा के दूसरे दिन विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मूरतगंज प्रखण्ड के मलाक भारत और सिराथू के करनपुर में हुई बैठक आयोजित की गई बैठक में संत समाज ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखें। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज में विकास और शिक्षा तो आया है लेकिन आज नैतिक रूप से भारतीय कमजोर हो रहे हैं। जबकि नैतिकता भी जीवन और राष्ट्र के निर्माण पर मजबूत के लिए बहुत जरूरी तत्व है। वह हमारे पूर्वज नैतिक रूप से बहुत ही मजबूत थे और भारत राष्ट्र आर्थिक रूप से भी पूरे विश्व में अपनी मजबूत पकड़ रखता था। इसी छवि के बदौलत भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था लेकिन बाद में गुलामी के दौर आए जिसे भारत को आर्थिक रूप से कमजोर किया। आजादी के बाद से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने विकास को प्रदर्शित किया है। अब हम सभी भारतीयों का यह कर्तब्य बनता है कि हमारे पूर्वजों के द्वारा स्थापित भारत के मजबूत छवि और स्वर्णिम इतिहास की संकल्पना को पुन स्थापित करने का काम करें। बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी प्रहलाद प्रधान शिवम पांडे,दीपक मौर्य ,अंकित दिवाकर,शुभांशु अग्रहरि, संजय पटेल ,गोविंद अमन साहू,,रंजीत, मंजय राम सुरेमन राम सुरेमान,त्रिलोकी राजू यादव जी सहित सैकड़ो स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सूने घर में ब्लास्ट पूरा मकान जमीन दोज 3 मवेशी की मौत 4 झुलसे

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाने के चिरैया नाला मजरा टिकरी गांव में रविवार भोर में सूने मकान में तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया जिससे मकान जमीनदोज हो गया कुछ ही देर में आग ने रौद्र रुप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से किचन में रखा सिलेंडर धमाके के साथ फट गया। सिलेंडर फटने से मकान भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि मकान में कोई नहीं था। मकान के मलबे में दबने से 3 मवेशी जलकर मर गए जबकि चार मवेशी घायल हो गए। घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बचाव कार्य किया। चिरैया नाला मजरा टिकरी गांव निवासी भुवनपति कुशवाहा पुत्र महावीर कुशवाहा पशुपालक हैं। उनकी पत्नी सरिता देवी दो बेटे अंचल और चंचल के साथ आठ महीने से कोखराज थाने के भरवारी सिंघिया गांव मायका में पिता झगड़ पुत्र मोतीलाल के घर रह रहे थे। घर में भुवनपति ही रहकर मवेशियों का चारा पानी और देख भाल करते थे। कभी कभार सरिता गांव आया करती थी। उन्होंने बताया कि वह शनिवार को मवेशियों को चारा खिलाने के बाद धूमनगंज स्थित एक रिश्तेदार के घर गए हुए थे। इस बीच रविवार की रात उनके मकान में लगे विद्युत बोर्ड की मेन स्विच में हुए शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने रौद्र रुप धारण कर लिया।

# संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत परिवार में कोहराम

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के जलालपुर शाना गांव के सूरज त्रिपाठी पुत्र जगदीश प्रसाद त्रिपाठी की शादी लगभग चार वर्ष पूर्व मधु पुत्री लक्ष्मी कांत उपाध्याय निवासी चकमाहपुर पाण्डेय मऊ थाना कोखराज के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के तहत सम्पन्न हुई है। विवाहिता मधु के लगभग तीन वर्ष का एक बेटा भी है। शनिवार की शाम करीब सात बजे विवाहिता अपने घर पर काम कर रही थी उसी समय अचानक विवाहिता का पैर फिसल जाने से चौकी पर गिर पड़ी। विवाहिता को अन्दरूनी गम्भीर चोटें आने पर बेहोशी की हालत में तड़पने लगी। परिजनों ने इलाज हेतु आनन-फानन की हालत में निजी साधन के द्वारा तिल्हापुर मोढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। विवाहिता की हालत गंभीर हो जाने के कारण डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया। विवाहिता को इलाज हेतु प्रयागराज न ले जाकर घर वापस लौट आए। रविवार की सुबह करीब साढ़े छः बजे विवाहिता की मौत हो गयी। मृतक के पिता को जानकारी हुई तो परिजनों के होश उड़ गए। मृतक मधु के पिता लक्ष्मी कांत उपाध्याय ने चरवा थाना पहुंच कर पति समेत ससुरालियों के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस ने शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर मृतक के पति समेत ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके आरोपियों की तलाश में जुट गई है।मृतक के पिता ने मृतक के पति सहित ससुरालियों के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया? कि मेरी बेटी के ऊपर झूठा आरोप लगाकर घर के अन्दर बन्द करके जान से मार कर चारपाई पर लिटा दिए हैं। मृतक के पति ने मृतक के पिता के पास फोन करके जानकारी दिया कि मधु की तबियत गम्भीर है। इसे इलाज हेतु प्रयागराज लेकर जा रहे हैं। मृतक का दाहिना हाथ काला पड़ गया है। शरीर में अन्य जगह चोटें आई हैं। मृतक के पिता ने चरवा थाना पहुंच कर मृतक के पति समेत ससुरालीजनो के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। चरवा पुलिस मौके पर पहुंच कर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संपादक की कलम से

# आधे चुनावों के बाद

लोकसभा में तीन चरणों का मतदान पूरा हो गया है.आधे से अधिक लोकसभा सीटों का जनादेश एश्ट में कैद हो चुका है. तीसरे चरण के मतदान में पहले के दोनों चरणों की तुलना में मतदान बढ़ना खुशी की बात है. यह मतदान और अधिक बढ़ता तो लोकतंत्र ज्यादा मजबूत होता..!!

बाकी चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ने की पूरी संभावना है. अब तक 282 सीटों पर मतदान हो चुका है. मतदान प्रतिशत के आधार पर चुनावी नतीजे का विश्लेषण, परिणाम के दिन तक चाय की चर्चा का विषय बने रहेंगे. देश में यह चुनाव एनडीए 400 पार के लिए लड़ रहा है, तो विपक्षी गठबंधन सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि एनडीए को अपना लक्ष्य पार नहीं होने देने के लिए लड़ता दिखाई पड़ रहा है.

देश के हर कोने में चुनाव परिणामों को लेकर परसेप्शन क्लियर और कॉन्फिडेंट है. पहले राजनेता अति-आत्मविश्वास में होते थे, इस बार देश की जनता अति-आत्मविश्वास में दिखाई पड़ रही है. यह चुनाव कई राजनीतिक राजवंश के लिए निराशाजनक साबित होंगे. यह लोकसभा चुनाव मोदी वर्सेस मोदी लड़े जा रहे हैं. हर सीट पर बीजेपी, एनडीए प्रत्याशी, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं. विपक्षी गठबंधन पीएम मोदी की सरकार उनकी नीतियों और उनके भावी राजनीतिक इरादों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. विपक्ष अपना कोई सकारात्मक एजेंडा चुनाव में पेश नहीं कर पा रहा है. मोदी के पक्ष और विपक्ष में ही चुनाव सिमट गया है. लोकसभा चुनाव परिणाम के बारे में राजनीतिक रूप से निरक्षर मतदाता भी स्पष्टता के साथ यह कहता सुना जा सकता है,कि क्या परिणाम आने वाला है.

पीएम मोदी के विरोध में चुनावी मैदान में उतरा विपक्षी गठबंधन भी अपनी जीत का दावा नहीं कर रहा है? यह गठबंधन केवल इसी चुनावी चर्चा में व्यस्त है, कि नरेंद्र मोदी को 400 सीटों के पार नहीं जाने देना है. प्रचार अभियान में चुनावी चर्चा जीत और हार की नहीं हो रही है बल्कि सीटों की संख्या की हो रही है. जीत का परसेप्शन दीवार पर लिखी इबारत जैसा स्पष्ट है.

केवल उत्तर भारत में ही नहीं दक्षिण, पूर्व और पश्चिमी भारत में एक जैसी चुनावी हवा दिखाई पड़ रही है. यद्यपि दक्षिण भारत में कुछ राज्यों में विपक्षी गठबंधन की संभावनाएं ज्यादा प्रबल दिखाई पड़ रही है, लेकिन तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी एनडीए सीटें हासिल करने में सफल हो सकता है. इन राज्यों में बीजेपी का मत प्रतिशत तो काफी बढ़ने की उम्मीद है. इन राज्यों के विधानसभा चुनाव में बीजेपी एक सशक्त राजनीतिक दल के रूप में क्षेत्रीय दलों को चुनौती देने की स्थिति में आती दिखाई पड़ रही है.

उत्तर भारत के राज्यों में यूपी, बिहार, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, छत्तीसगढ़ में 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई सीटों की संख्या 2024 में बढ़ने की पूरी संभावना दिखाई पड़ रही है.पश्चिम बंगाल में भी बीजेपी की सीटें बढ़ती हुई दिखाई पड़ रही है. उड़ीसा में भी बीजेपी ग्रोथ की ओर दिख रही है. नॉर्थ ईस्ट में भाजपा अपनी संभावनाओं को मजबूत करती दिख रही है. कर्नाटक और तेलंगाना में बीजेपी की संभावनाओं पर विपक्षी गठबंधन में सवाल खड़े कर रहा है लेकिन चुनाव परिणाम बीजेपी के लिए सकारात्मक रहने की संभावना है.

मध्य प्रदेश में 2019 के चुनाव में भी मोदी वर्सेस मोदी ही चुनाव हुआ था. इसी कारण मोदी के विरोध की पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे ज्योतिरादित्य सिंधिया को हार का सामना करना पड़ा था. इस बार सिंधिया, नरेंद्र मोदी की पार्टी से चुनाव मैदान में हैं. उनकी जीत सुनिश्चित मानी जा रही है. यद्यपि लोकतंत्र में राजनीतिक राजवंशों का महत्व लगातार कम होता जा रहा है. इस चुनाव में वहीं राजनीतिक राजवंश चुनावी जीत हासिल करने में सफल होते दिखाई पड़ रहे हैं,जिनको मोदी और उनकी पार्टी का साथ मिला है.

मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा और राजगढ़ दो सीटें हैं, जहां राज्य के दो कद्दावर नेता भाग्य आजमा रहे हैं. छिंदवाड़ा में कमलनाथ के बेटे चुनाव मैदान में हैं, तो राजगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. इन दोनों सीटों परअच्छा खासा मतदान हुआ है. राजगढ़ में तो 2019 के चुनाव की तुलना में लगभग दो प्रतिशत ज्यादा मतदान हुआ है. दो फीसदी अधिक मतदान का मतलब हुआ,कि लगभग तीस से चालीस हजार अधिक मतदान. इस लोकसभा सीट पर लगभग 21 लाख मतदाता बताये जा रहे हैं. इनमें दो प्रतिशत की वृद्धि इसी संख्या के आसपास आएगी.

राजगढ़ सीट पर भी कांग्रेस और एनडीए के प्रत्याशी के बीच में मुकाबले के रूप में अगर इस चुनाव का आँकलन किया जाएगा, तो दिग्विजय सिंह की जीत पक्की कहीं जा सकती है.

बीजेपी उम्मीदवार के रोडमल नागर के खिलाफ क्षेत्र में नाराजगी भी देखी गई है. लेकिन नागर अपने लिए नहीं बल्कि पीएम मोदी के लिए वोट मांग रहे हैं. राजगढ़ में वोट प्रतिशत बढ़ने से जहां कांग्रेस के समर्थक खुश हैं, कि उनके राजा के पक्ष में यह मतदान हुआ है, तो वहीं भाजपा इसे पीएम मोदी के समर्थन में मतदान के रूप में देख रही है. राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के परसेप्शन को देखते हुए ऐसा कहा जा सकता है, कि देश में चुनाव की हवा और भाव कमोवेश एक जैसे ही होते हैं. घटते बढ़ते मतदान प्रतिशत से परिणाम का आँकलन करने की बजाय परसेप्शन पर आँकलन करना ज्यादा सटीक बैठता है.

लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान भले ही हिंदू मुस्लिम विभाजन, मुस्लिम आरक्षण, संविधान खत्म करने और लोकतंत्र बचाने के साथ ही आरक्षण समाप्त करने की साजिश पर सिमटा हुआ है. चुनावी प्रचार अभियान में यह नेगेटिव मुद्दे तो भोजन में अचार पापड़ जैसी भूमिका निभा रहे हैं. इस बार जनादेश का जो सकारात्मक दृष्टिकोण है, वह देश में स्थिर सरकार, मजबूत भारत, मजबूत नेता, सशक्त राष्ट्रवाद, विकास के पैमाने, पुरानी सरकारों से उनकी तुलना और शासकीय योजनाओं के लाभार्थी वर्ग बने हुए हैं. इन सभी पैरामीटर पर, अगर संभावित चुनाव परिणाम का आँकलन किया जाता है, तो परिणाम की स्पष्टता में कोई संदेह नहीं हो सकता.

इसी साल कुछ समय पहले हुए विधानसभा चुनाव में जिस तरह से परिणाम आए हैं, वह भी लोकसभा के परिणाम का संकेत कर रहे हैं. इन चुनाव में महिला वोटर भी बहुत बड़ा फैक्टर है. चुनावी इतिहास बताता है,कि पीएम मोदी को महिला वोटर्स का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है. यह लोकसभा चुनाव महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण देने की नारी वंदन कानून बनने के बाद पहली बार हो रहे हैं. मध्य प्रदेश में तो लाडली बहना योजना का डंका अभी भी बज रहा है. महिलाएं धर्म और जाति की सीमा से ऊपर उठकर पीएम मोदी के समर्थन में दिखाई पड़ रही हैं।

# विवाह की गरिमा का अर्थ

आधुनिक और प्रगतिशील होने का दम्भ भरने वाले भारतीय समाज के एक बड़े धड़े को देश की शीर्ष अदालत ने आईना दिखाया है। देश की शीर्ष अदालत को विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका अभिप्राय यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हो रहा है।

अदालत को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।

हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है।

वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरूआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते।

निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए।

# सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?

**आर.के. सिन्हा**

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है , इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।

अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बरा-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे।

खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, ह्लजाति तो राष्ट्र विरोधी है। ह्वपर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है। भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओथोडॉक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों के द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए। भारत में कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट के बीच की दूरियों को कम करने की कोशिशें चलती रहती हैं। दक्षिण भारत इस बाबत आगे रहा। वहां पर कैथोलिक चर्च तथा प्रोटेस्टेंट चर्च ने प्राकृतिक आपदा के समय मिल-जुलकर काम किया। मसलन केरल में कुछ साल पहले आई बाढ़ और सुनामी के समय दोनों चर्च मिलकर पीड़ितों के पुनर्वास के लिये काम कर रहे थे। यह सुखद पहल है। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कतई कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। उनमें आपस में हमेशा तलवारें खिंची रहती हैं। इस्लाम के नाम पर बने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शियाओं की लगातार हत्याएं हो रही हैं। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान माना जाता है। अफगानिस्तान में तालिबानियों ने हजारों शिया मुसलमानों का कत्लेआम किया है। ईरान और सऊदी अरब में कुत्ते-बिल्ली वाला बैर का मुख्य कारण यही है कि ईरान शिया और सऊदी सुन्नी मुसलमानों का मुल्क है। दरअसल कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट में कुछ बिंदुओं पर मतभेद रहे हैं। कैथोलिक मदर मैरी की पूजा में भी विश्वास करते हैं। प्रोटेस्टेंट उन पर विश्वास नहीं करते हैं और उनके लिए मैरी केवल यीशु की भौतिक माँ है। हां,दोनों संप्रदायों के लिये ईसा मसीह तथा बाइबिल परम आदरणीय हैं। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के लिए पवित्र दिन क्रिसमस और ईस्टर ही हैं। सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी सिख आवश्यक रूप से अपनी आस्था के अनुसार कार्य करते हैं। नतीजतन, जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल वही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है। क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है या वे अपनी निगाहें सिर्फ हिन्दू धर्म से आगे लेकर ही नहीं जाना चाहते? इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं। यह सब करके वे अपने को पूरी तरह से एक्सपोज कर लेते हैं। अगर कोई लेखक बेखौफ होकर ईमानदारी से नहीं लिखता है तो समझ लें कि वह सच्चा लेखक नहीं है। खैर, यह सुखद है कि हिन्दू धर्म में जाति के कोढ़ के खिलाफ अरसे से आवाजें उठती रही हैं।



# गरीबों के हित में बड़े बदलाव का संकेत है कांग्रेस का एजेंडा

**जगदीश रत्तनानी**

किसी भी माध्यम का कुशल उपयोग इस बात की समझ के अभाव में खतरनाक है कि इसका उपयोग क्यों किया जा रहा है और यह कहां ले जाएगा। आज की कांग्रेस के लिए यह सेवानिवृत्त नौकरशाहों से दूर रहने की चेतावनी होनी चाहिए। उसे भ्रष्टाचार रोकने के लिए पैनी नजर रखनी होगी। चाहे वह सत्ता में हो या न हो, लेकिन कांग्रेस को एक टीम बनाने के लिए अधिक युवा नेतृत्व और प्रतिबद्ध लोगों की आवश्यकता होगी ताकि पार्टी जीवंत रह सके।

जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है उसके मद्देनजर भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर बहुत कुछ पहले ही बदल चुका है। पहली बात, कांग्रेस पार्टी एक दशक से भी ज्यादा वक्त में पहली बार मतदाताओं के सामने अपनी राजनीतिक स्थिति को स्पष्ट रूप से पेश करने में सफल हुई है। यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है जो पूरी तरह से वामपंथ के साथ चल रही है। सवाल यह नहीं है कि वह कितने डिग्री तक वामपंथ के साथ है परन्तु यह दिशा और स्थिति का सवाल ज्यादा है और बताता है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी किस स्थान पर खड़ी है।

कभी उदारीकरण और निजीकरण की समर्थक पार्टी से इस वक्त जो उभर कर सामने आ रहा है वह अब सामाजिक न्याय, धन-आय सम्बन्धी असमानता या श्रमिकों के अधिकारों के एजेंडे के साथ एक अनिश्चय की स्थिति वाला रवैया नहीं है। यह एजेंडे का स्पष्ट रूप से रखा जाना है। यह वामपंथ की ओर एक तेज मोड़ है जो हाल के समय में कभी स्पष्ट नहीं था जितना इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान बैंकों के राष्ट्रीयकरण के दौरान था। वर्तमान में मतदाताओं की प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि पार्टी जनता की भावनाओं को समझ रही है और उसकी गतिविधियां राष्ट्र के मूड के अनुरूप है।

कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए इस प्रखर वैचारिक स्थिति के प्रति कटिबद्धता महत्वपूर्ण है जबकि कुछ लोग कहेंगे कि पार्टी परिस्थितियों से मजबूर हो गई है। इसके बावजूद ऐसा लगता है कि वामपंथ के प्रति इस झुकाव को नेतृत्व और काडर द्वारा पूरे दिल से गले लगाया गया है। कांग्रेस ने 4 जून को आने वाले परिणामों की घोषणा से बहुत पहले यह एक महत्वपूर्ण चुनाव किया है।

उल्लेखनीय है कि नारेबाजी और उम्मीद-सेटिंग के कारण विजयी के रूप में देखे जाने के लिए भाजपा को अपने 303 के पिछले आंकड़े को पार करना होगा वहीं इंडिया गठबंधन को जीत का दावा करने के लिए भाजपा को 272 से नीचे खींचना होगा। इस बात की संभावना को छोड़ दें कि इस समय कांग्रेस और/या इंडिया गठबंधन इन चुनावों में बहुत खराब प्रदर्शन कर रहा है या नहीं, लेकिन देश में एक ऐसी पार्टी है जो आने वाले दिनों में भारत की नीति तय करेगी। यह एक ऐसी भूमिका है जिसे कांग्रेस ने त्याग दिया था और जिसके कारण वह अप्रासंगिक हो गई थी। इसी ने 'क्याज, 'कैसे' और 'क्यों' की ठोस स्थिति में बंधी स्पष्ट राजनीतिक दिशा के अभाव में भाजपा के लिए जमीन छोड़ दी थी। इस निश्चित दिशा के बिना हमारे पास जो कुछ भी था वह भाजपा की सांप्रदायिकता और भ्रष्टाचार पर एक दंतहीन हमला था जिसमें दृढ़ विश्वास नहीं था और जो मतदाताओं की मंशा के अनुरूप कारगर नहीं है। बहरहाल अब कहानी बदल गई है।



कांग्रेस में एक दशक से आ रही गिरावट और केंद्रीय सत्ता में रहने के दौरान भी इसकी धीरे-धीरे हो रही गिरावट, नव-उदारवादी एजेंडे का नेतृत्व करने के लिए जानी जाने वाली पार्टी का अपरिहार्य परिणाम थी। हाल के दिनों में इसकी एकमात्र उपलब्धि 1991 के आर्थिक सुधार थे। ये सुधार भी परिस्थितियों के कारण मजबूरीवश किए गए थे। इन सुधारों ने एक ओर 'एनीमल स्प्रिट' (अर्थ व्यवस्था में, 'एनीमल स्प्रिट' शब्द बाजार मनोविज्ञान और स्वभावजन्य अर्थशास्त्र में उपयोग में आता है। 'एनीमल स्प्रिट' आत्मविश्वास, आशा, भय और निराशावाद की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करती है जो व्यक्ति या व्यक्ति समूहों की वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है और बदले में आर्थिक विकास को बढ़ावा या बाधित कर सकती है) को उजागर करने का प्रयास किया लेकिन दूसरी ओर इसने श्रमिकों के अधिकारों पर अंकुश लगाने तथा व्यापक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की ओर भी कदम बढ़ाए।

मजबूत शासन और कमजोर या गैर-मौजूद पुलिसिंग के अभाव या मिलीभगत के कारण यह भ्रष्टाचार सार्वजनिक क्षेत्र के आधिपत्य से निजी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। मोटे तौर पर इन घटनाक्रमों ने आश्चर्यजनक रूप से भाजपा समर्थक धनी वर्गों के उदय को बढ़ावा दिया जिन्होंने वर्ग, जाति और स्थिति के मामले में अन्य मिश्रित कुलीन वर्ग के साथ गठबंधन करते हुए भाजपा को सत्ता में लाने के लिए मदद की। इस काम के लिए उन्होंने कांग्रेस शासन में हुए बड़े भ्रष्टाचार के मामलों का हवाला दिया। 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन का नेतृत्व करने वाले अन्ना हजारे की निंदनीय भूमिका पहले ही उजागर हो चुकी है जो भाजपा के वृहद भ्रष्टाचार घोटालों पर चुप रहे हैं।

इस फ्रेम में किसी भी कीमत पर जीडीपी वृद्धि भारतीय अभिजात वर्ग की बात करने वाला बिंदु आ गया जो आने वाले व्यवसायिक उछाल को भुनाना चाहता है। सत्तारुढ़ भाजपा ने विशेष प्राथमिकता देते हुए अपने चुनिंदा व्यापारिक घरानों को चरम सीमा पर पहुंचा दिया जबकि अन्य लोगों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से अपने विवादों को निपटाने के लिए कहा गया। शेष भारत को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत असफल और अर्थव्यवस्था को खोखला करने वाली एवं खाद्य कूपन की योजना के कीचड़ में लोटने के लिए छोड़ दिया गया था। इस योजना के तहत आज 80 करोड़ भारतीयों को अनाज मिलता है जो भारत के आधे से अधिक हैं।

आज कांग्रेस को और ताकत देने वाला एक ऐसा नेतृत्व है जो राष्ट्र के सामने मौजूद चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार और मजबूत दिख रहा है। राहुल गांधी नेतृत्व की भूमिका में खिल गए हैं और ड्राईविंग सीट पर जंच रहे हैं। वे सही संदेश और संकेत भेज रहे हैं। न्याय यात्रा की कहानियों और अनुभवों को मिलाकर राहुल एक रोमांचक राजनीतिक आख्यान बना रहे हैं जो साहसिक, जमीन से जुड़ा और ताजा है।

यह उल्लेखनीय है कि असंख्य बाधाओं के बावजूद राहुल गांधी इस अभियान को किसी भी कड़ुवाहट से दूर रखने में सफल रहे हैं जबकि भाजपा ने अपने संसाधनों को बड़े पैमाने पर राहुल और उनके परिवार को बदनाम करने के कड़ुवाहट भरे और घृणित अभियान पर केंद्रित कर रखा है। राहुल का उभरना यह भी साबित करता है कि राजनीतिक 'पंडितों' पर भरोसे की एक सीमा होती है। उनमें से कुछ उन्हें ऐसी सलाह दे रहे हैं जिन पर सवाल उठ सकते हैं। इनमें से एक ने तो इस बेहद सफल न्याय यात्रा के समय और औचित्य पर भी सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के इस पुनरुत्थान ने स्वयं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाए जा रहे भाजपा के अभियान को भी पटरी से उतार दिया है। भाजपा ने क्या किया है और अगले पांच वर्षों के लिए क्या करने का वादा करती है, यह बताने के बजाय भाजपा का अभियान इस बात पर केंद्रित है कि कांग्रेस क्या कर रही है या उसकी क्या कथित बुराइयां हैं। अगर पार्टी उस स्लाइड को वापस खींचने के प्रति सावधान नहीं है तो यह खुद के बजाय प्रतिद्वंद्वी के बारे में अधिक बात करने के जाल में फंस जाएगी।

# चौथे चरण से पहले भाजपा का नया शिगूफा

प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने दुनिया के 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकी बदलाव का अध्ययन कर एक रिपोर्ट चुनावों के बीच जारी की है, जिसके मुताबिक भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत घट गई। वहीं मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के अधिकांश मुस्लिम बहुसंख्यक देश में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी हुई है, वहीं हिंदू, ईसाई व अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक आबादी में कमी आई है। इस रिपोर्ट को देखकर यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि यह भाजपा का चौथे चरण के मतदान से पहले एक नया शिगूफा है। दरअसल पिछले तीन चरणों के मतदान से भाजपा के लिए अच्छी खबरें नहीं आई हैं और यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने बयानों में अब हिंदू-मुस्लिम पर ज्यादा जोर देने लगे हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, प.बंगाल इन तमाम राज्यों में श्री मोदी के भाषणों पर गौर फरमाएं तो उसमें सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश साफ नजर आती है। इसलिए इस वक्त आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट का आना यह जाहिर करता है कि भाजपा के पास जनता के बीच जाने के लिए मुद्दों का अकाल है, इसलिए अब आभासी मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं। इस रिपोर्ट के बाद मोदी सरकार पर सवाल उठ रहे हैं कि जब उसने अपने पूरे कार्यकाल में जनगणना ही नहीं कराई तो अभी आबादी की बात किस आधार पर कर रही है। और जहां तक मुस्लिम आबादी की बात है तो नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के डेटा के मुताबिक मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर 2019-21 में सबसे कम 2.4 रही है, जबकि 2015-16 में 2.6 और 2005-06 में 3.4 थी। तीन चरणों में भाजपा को नुकसान हो गया है, इसका प्रमाण बुधवार को प्रधानमंत्री के अडानी-अंबानी वाले बयान से मिल गया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी को घेरने की कोशिश की, लेकिन आखिर में भाजपा को ही मुश्किल में डाल दिया। इस बयान के अगले दिन गुरुवार को शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट देखी गई। जिससे निवेशकों को तीन लाख करोड़ से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ये कौन से लोग हैं, जो शेयर बाजार से अपना पैसा उठा रहे हैं, और क्यों उठा रहे हैं। क्या देश के चुनावी माहौल में भावी सरकार का अनुमान लगाते हुए शेयर बाजार में उठापटक हो रही है, इस पर अब गौर करना होगा। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो अब तक भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख संपदा थे, अपने हालिया बयानों से उसे गहरे संकट में डाल चुके हैं। '400 पार' के नारे के साथ शुरू हुआ भाजपा का लोकसभा 2024 का चुनावी अभियान मोदी ने ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया है जहां उसे सरकार बचाने के भी लाले पड़ रहे हैं। वैसे तो जिस तरह का विमर्श भाजपा ने पिछले एक दशक से चला रखा था, लोगों का मूड भांपे बगैर श्री मोदी उसे ही आगे बढ़ाते चले गये। हिन्दू-मुस्लिम, विरोधी नेताओं का कथित भ्रष्टाचार, कांग्रेस का परिवारवाद आदि जैसे घिसे-पिटे नैरेटिव को आगे खींचते हुए भाजपा के स्टार प्रचारक कहे जाने वाले नरेंद्र मोदी की बातों में लोगों को अब कोई रस रह गया है। बतौर प्रधानमंत्री दो कार्यकाल पूरा कर लेने के बाद भी मोदी के पास गिनाने के लिये अपना एक भी काम नहीं है। इस चुनाव का ऐलान होते तक मोदी अपनी गारंटियों की खूब चर्चा करते रहे। वे दस वर्षों को अपनी सरकार का 'ट्रेलर' बतलाते हुए कहते रहे कि 'असली पिक्चर तो तीसरे कार्यकाल में दिखलाई जायेगी।' उन्होंने अबकी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी व 5 ट्रिलियन वाली इकानॉमी बनाने, 2047 तक सबसे विकसित देश बनाने और अगले एक हजार वर्ष तक सबसे आगे रहने जैसे सब्जबाग लोगों को दिखलाये। सभी संस्थाएं अपनी मुट्ठी में रखे हुए मोदी की इस 'विकास पुरुष' की छवि को पार्टी का खर्चीला प्रचार तंत्र, उसका आईटी सेल, दरबारी मीडिया और 'ट्रोल आर्मी' आगे बढ़ा रहे थे। राहुल गांधी की दो-दो भारत जोड़ो यात्राओं को मोदी व भाजपा ने हल्के में लिया। उन्होंने इस ओर से आंखें मूंद ली थीं कि कांग्रेस के नेतृत्व में 28 विपक्षी दल एकजुट हो गये हैं। कांग्रेस ने जनसामान्य के बुनियादी सरोकारों पर आधारित विमर्श को पुनर्जीवित किया जिससे जनमत भाजपा की ओर से इंडिया की ओर मुड़ने लगा जो कि प्रतिपक्षी दलों का एक मजबूत गठबन्धन का रूप ले चुका है और इसी शक्ति के साथ चुनाव के तीन चरणों का मतदान पार कर चुका है। तमाम सर्वे, अनुमान एवं विश्लेषण बतला रहे हैं कि तीनों में भाजपा इस कदर पिछड़ रही है कि उसने 400 पार के नारे का उल्लेख करना ही बन्द कर दिया है। हालांकि विपक्ष लोगों को यह नारा भूलने नहीं दे रहा है, पर यह भी बता रहा है कि भाजपा को संविधान समाप्त करने के लिये इतनी सीटें चाहिये। इसके कारण यह लड़ाई लोकतंत्र की लड़ाई में तब्दील हो गई है। तीन चरणों के मतदान का ही यह असर बतलाया जाता है जिसके कारण शेष चुनाव बचाने के लिये मोदी अपने चिर-परिचित विषय पर लौट आये हैं। वह है ध्रुवीकरण। पश्चिम बंगाल के दौरे में वे संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं पर अतिरिक्त द्रवित हुए। हालांकि लोगों ने सवाल उठाया कि मणिपुर की महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न व दुष्कर्म पर बोलने से आखिरकार मोदी को किसने रोका था? अपनी सभाओं में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के एक बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करते हुए यहां तक कह डाला कि कांग्रेस का मानना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। फिर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो हिन्दुओं के गहने छीनकर कई-कई बच्चे वालों को दे दिये जायेंगे (उनका आशय मुस्लिमों से था)। खुद की हिन्दुवादी की छवि को प्रगाढ़ करने के लिये मोदी तीसरे चरण के मतदान के एक दिन पूर्व अयोध्या के राममंदिर पहुंच गये थे। वहां उनकी रामलला के समक्ष साष्टांग होने की तस्वीरें देश भर में प्रकाशित व वायरल कराई गईं ताकि उसका लाभ 7 मई के मतदान में मिल सके। इतना सब होने के बाद भी कम मतदान और वह भी अपने पक्ष में न होने से आशंकित मोदी ज्यादा बौखलाए नजर आये। उनके बयान और भी कटु हो चले हैं। इस क्रम में उन्होंने उन अडानी व अंबानी का जिक्र कर डाला (वह भी गलत तरीके से) जिसके अब तक वे सबसे बड़े रक्षक थे। माना जा रहा है कि उनका यह बयान एक तरह से सबसे आत्मघाती साबित होने जा रहा है। इसके जवाब में जैसी प्रतिक्रियाएं आई हैं, उससे श्री मोदी और फंसते जा रहे हैं। राहुल गांधी ने भी इस बयान के जवाब में जो वीडियो जारी किया, उसे करोड़ों लोगों ने देखा और पसंद किया, इसका मतलब यह कि राहुल गांधी और कांग्रेस की बातों को अब लोग सुन रहे हैं।

## मतदान कर्मी अच्छे से ईवीएम संचालन समझें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण में चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में लोकसभा चुनाव में मतदान बाबत समस्त प्रक्रिया व ईवीएम से मतदान बाबत विस्तृत जानकारी दी।

रविवार को डीएम-एसपी ने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर निरीक्षण किया। प्रशिक्षण कक्ष में मतदान बाबत मास्टर ट्रेनर के दिए जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनरों से कहा कि अच्छे से मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दें, ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न आये। मतदान कर्मियों से कहा कि लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने में उनकी अहम भूमिका रहती है। चुनाव में मतदान महत्वपूर्ण कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना जरूरी है। सभी लोग संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को खासतौर से ईवीएम मशीन संचालन बाबत तकनीकी जानकारी प्राप्त कर लें। किसी प्रकार की शंका हो तो समाधान कर लें। मास्टर ट्रेनरों ने माकपोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन संचालन विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पोलिंग पार्टियों से कहा कि अच्छी तरह से मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को समझ लें। मतदान दौरान किसी का आतिथ्य स्वीकार न करें। मतदान कर्मियों को किसी प्रकार का नशा व धूम्रपान नहीं करना।



द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

डीएम-एसपी ने ईवीएम मशीनों की कमिश्निंग व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एडीएम एफआर को निर्देश दिये कि ईवीएम मशीनों की कमिश्निंग कार्यों के बारे में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बुलाकर दिखायें। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, बीएसए लव प्रकाश यादव समेत संबंधित अधिकारी व मतदान कर्मी मौजूद रहे।

## 141 वाहनों के चालकों से वसूला 317700 रुपये जुर्माना, एक वाहन सीज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने यातायात जागरुकता अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 141 दोपहिया/चारपहिया/ई-रिक्शा/आटो टैक्सी/टैम्पो आदि से 317700 रुपये का जुर्माना लगाया। नियम विरूद्ध मिलने पर एक वाहन सीज किया।

शनिवार देर रात प्रभारी यातायात ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर कहा कि सड़क पर यात्रा करते समय दोपहिया पर हेलमेट, चारपहिया पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें। पुलिस सुरक्षा को तैनात है। ट्रैक्टर-ट्राली व माल वाहनों से यात्रा करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना रोकने को सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया कि यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने 141 वाहनों का चालान कर 317700 रुपये जुर्माना किया। चेताया कि मालवाहक वाहनों में यात्रा न करें। ऐसा करने पर वाहन सीज के साथ भारी जुर्माना हो सकता है।



ट्रैक्टर में यात्रा से रोकते टीएसआई।

## तीन के कब्जे से 80 लीटर महुआ-25 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 80 लीटर महुआ व 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

रविवार को सरधुवा थाने के दरोगा शिवमणि मिश्रा व दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने सिपाही अतुल मिश्रा, राहुल पुरी के साथ मुंशी निषाद पुत्र स्व सुदामा बक्टाखुर्द के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने सिपाही अजय मिश्रा के साथ सुधीर पुत्र रामजीत केसरवानी लूपलाइन चैराहा से 30 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी गनीवा अनिल सिंह ने सिपाही रामकेश, प्रमोद कुमार के साथ राजेश कुमार पुत्र दादूलाल हरदौली के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

## 20 क्वार्टर शराब समेत जीआरपी ने एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल श्रीवास्तव के निर्देश पर ट्रेनों में अपराध पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में सीओ रेलवे झांसी नईम खान मंसूरी की देखरेख में मानिकपुर प्लेटफार्म एक सतना आउटर के पास शराब समेत एक अपराधी को दबोचा है। रविवार को जीआरपी थानाध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्रा ने 20 क्वार्टर शराब समेत लाला बसोर पुत्र मुगलू बसोर झरी फाटक मानिकपुर को गिरफ्तार किया। वह रेलवे स्टेशन मानिकपुर के प्लेटफार्म एक सतना आउटर के पास टहल रहा था। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम में जेल भेजा है। उसका आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा अतुल गौतम, दीवान मो इमरान खान शामिल रहे।

## तमंचे के जोर पर कार, जंजीर, फोन लूटने में एक दबोचा

### दो की तलाश जारी, जिले से सटी सीमा क्षेत्र में हुई थी घटना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विक्रम कुशवाह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी रोहित कुमार राठौर की अगुवाई में नयागांव थाना चित्रकूट प्रभारी पंकज कुमार शुक्ला ने रघुबीर मन्दिर के सामने से तमंचा लगाकर स्विफ्ट डिजायर कार, जंजीर, मोबाइल फोन लूटने वाले तीन लुटेरों में एक अन्तर्राज्यीय लुटेरा हेमराज यादव को तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि एक मई को रामकिशोर सोनी पुत्र कुंजीलाल सोनी दिगौड़ा जिला टीकमगढ़ मप्र परिवार समेत जानकीकुण्ड इलाज कराने आये थे। थाने में तहरीर दी कि रात डेढ बजे जानकीकुण्ड अस्पताल बन्द होने से रघुवीर मंदिर तिराहा के सामने डिजायर कार खड़ी कर आश्रम/होटल तलाश रहे थे। गाड़ी के पीछे से रामघाट की ओर से काली मोटरबाइक में सवार तीन लोगों ने तमंचा दिखाते हुए गाड़ी से खींचकर बाहर फेंक दिया। गले की चैन, मोबाइल फोन, डिजायर कार छीनकर रामघाट की ओर भाग गये। मामले की रिपोर्ट दर्जकर लुटेरो की गिरफ्तारी को टीम गठित की। लुटेरों पर पुलिस अधीक्षक ने दस हजार का ईनाम घोषित किया। पुलिस ने आरोपियों से लूटी कार थाना मारकुण्डी उप्र के टिकरिया गांव के पास बरामद की। आरोपी हेमराज यादव पुत्र कल्लूसेठ यादव कर्का पडरिया थाना बहिलपुरवा चित्रकूट को हिरासत में लेकर पूंछताछ की। पूंछताछ में आरोपी ने बताया कि साथी विनोद यादव व बेबो के साथ घटना अंजाम दी थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उचित धाराओं में जेल भेजा। आरोपी विनोद यादव व बेबो की तलाश जारी है।



पुलिस गिरफ्त में लुटेरा।

## 15 को मनेगी चौ टिकैत की पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** किसान मसीहा महात्मा चैधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि 15 मई को देश भर में गांव स्तर पर जल-जंगल-जमीन-पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के बतौर मनाई जायेगी। भाकियू के मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में स्थित किसान भवन सिसौली में होगा। 15 मई को पूर्वान्ह 11 बजे श्रद्धांजलि देने के बाद यज्ञ-हवन होंगे।

## प्रशिक्षण से गैरहाजिर लेखाधिकारी-सचिव पर रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव कराने को कर्मचारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण में शनिवार को लोक निर्माण विभाग के खण्डीय लेखाधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी गैर हाजिर रहे। दोनों कर्मचारियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लोकसभा चुनाव प्रभारी अधिकारी/सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज में लोस चुनाव सम्पन्न कराने को द्वितीय प्रशिक्षण जारी है। पीठासीन अधिकारी बनाये गये। लोनिवि के खंडीय लेखाधिकारी वीरेन्द्र कुमार व मतदान अधिकारी प्रथम बनाये गये। मऊ के ग्राम विकास अधिकारी नरेन्द्र सिंह शनिवार को गैर हाजिर रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर चुनाव कार्य में लापरवाही, उदासीनता बरतने के मामले में गैर हाजिर दोनों कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## खोर बस्ती के ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार का लिया निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के देउंधा गांव के मजरा खोर के केवट बस्ती में पचास साल से विद्युत की कोई व्यवस्था न होने से बस्ती के तकरीबन पचास लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया है। रविवार को बस्ती के बचोली केवट आदि ने बताया कि वे यहां तकरीबन दस परिवारों के पचास लोग पचास साल से ज्यादा समय से रह रहे हैं। आज तक बस्ती में विद्युत की कोई व्यवस्था नहीं हुई। उन्होंने बताया कि डीएम व सांसद-विधायक से कई बार बस्ती में विद्युत व्यवस्था कराने को गुहार लगा चुके हैं। बस्ती में आज तक विद्युत व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती में एक विकलांग भी है। उसका विकलांग प्रमाण पत्र तो बना है, लेकिन उसे छडी व साइकिल आदि नहीं मिली। उसे लैट्रीन जाने में भारी समस्या होती है। एक भी शौचालय शासन से नहीं मिला। बस्ती में बिजली न होने से मिट्टी तेल न मिलने पर डीजल से दिया जलाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। बस्ती के लोगों ने निर्णय लिया है कि लोस चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया जायेगा।

## ममेरे-फुफेरे भाइयों की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के पिपरौंध गांव के तालाब में ममेरे-फुफेरे दो भाइयों के डूबने से गांव में कोहराम मच गया। ये हादसा रविवार को सवेरे हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि पिपरौंध के शनी पाण्डेय (12) पुत्र बालगोविंद अपनी बुआ के बेटे शालिगपुर पहाड़ी के छोटू मिश्रा (12) पुत्र दिनेश के साथ गांव के तालाब में नहाने गये थे। गहराई वाले स्थान में जाने से दोनों बच्चे डूब गये। मौजूद लोगों के सूचना देने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीण व परिजनों ने दोनों बच्चों को अचेत अवस्था में पानी से बाहर निकाला। मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कहा कि वे दोनों बच्चों को प्रयागराज के डॉक्टरों को दिखाना चाहते हैं। परिजन प्रयागराज रवाना हो गये। वहां से भी परिजन निराश होकर लौट आये। घटना से गांव में शोक की लहर है।

## 17 वर्षों से फरार हादसे का वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय व सिपाही प्रवीण कुमार पाण्डेय ने हादसे के वारंटी दिनेश कुमार पुत्र सोहनलाल बैलौहन पुरवा थाना बहिलपुरवा को गिरफ्तार किया। ये 17 वर्षों से फरार चल रहा था।

## मेरा आंगन-मेरी हरियाली अभियान शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने 115वें स्वच्छता अभियान में मेरा आंगन-मेरी हरियाली अभियान के तहत वृक्षारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को वृक्षारोपण अभियान में समाजसेवी बृजकिशोर गुप्ता ने वृक्षारोपण किया। कामतानाथ पर्वत हरा-भरा रहे। यहां आने वाले समय में वृक्षारोपण की तैयारी जारी है। बोगन, बेलिया से कामतानाथ पर्वत को सजायेंगे। प्रशासन के सहयोग से वृक्षारोपण किया जायेगा। ईओ लालजी यादव ने कहा कि गांधीजी का सपना था कि सभी भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें। उस पर अमल करें। पर्यावरण को साफ रखने में मदद करें। ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका/स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ-सुंदर चित्रकूट बने, ये अच्छा विचार है। यही समय है कि सभी मिलकर चित्रकूट को स्वच्छ बनायें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि अपने घरों के आसपास स्वच्छ रखने से बीमारियां फैलने से बंद हो जाएगी। हमारा घर व पड़ोस सुंदर दिखेगा। खाद एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि चित्रकूट को स्वच्छ व साफ रखकर चित्रकूट का विकास कर सकते हैं। अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, रसूल बख्श, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, दीपक, मालिक, विजय कुमार, पिंकी, दिनेशलाल, रामसिया व नगर पालिका की टीम ने सहयोग किया।



वृक्षारोपण करते समिति के लोग।

## शत-प्रतिशत मतदान को विहिप ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रहित में शत-प्रतिशत मतदान को क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने प्रान्त सह मंत्री अभिनव के सानिध्य में विश्व हिंदू परिषद ने बैठक कर मतदान रैली निकाली।

रविवार को क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने जाति-समाज से उठकर राष्ट्रहित में शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित किया। प्रत्येक प्रखंड स्तर व गांव स्तर पर विश्व हिंदू परिषद को बैठक कर शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करने को कहा। पूरे जिले में प्रखंड व ग्रामीण स्तर में चार सौ बैठक की जायेंगी। प्रत्येक प्रखंड व खंड स्तर में संतों के नुक्कड़ सभायें होंगी। बैठक में प्रांत सह धर्माचार्य राकेश, प्रांत सह धर्म प्रसार पवन, रामशरण, अमित मिश्रा, अजय, जिलाध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष राकेश, जिला संगठन मंत्री ऋषभ व जिला मंत्री नीरज केसरवानी, सह मंत्री अर्चन, सिद्धार्थ, कोषाध्यक्ष जमुना, मठ-मंदिर प्रमुख अजय, जिला संयोजक अंकित, सहसंयोजक प्रणव, अव्यय, शिवेंद्र, जिला गौरक्षा विमल, समरसता प्रमुख अभिषेक, नगर संयोजक शानू, कामता आदि मौजूद रहे। बैठक बाद बाइक रैली निकाली।



मतदान प्रतिशत बढाने को बैठक करते संत-महंत।

## वैशाखी अमावस्या में जलेबी गली बन्द होने पर व्यापारियों में रोष

### शानू गुप्ता ने बैठक कर व्यापारियों को दिया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परिक्रमा मार्ग खोही बाजार में व्यापारियों के साथ हुई बैठक में व्यापारी नेता/व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने लोकतंत्र की मजबूती को अधिक से अधिक मतदान की अपील की। खोही के व्यापारियों ने समस्यायें रखीं। कहा कि अमावस्या में खोही बाजार जलेबी वाली गली को बैरिकेड कर प्रशासन ने बन्द कर दिया था।

इससे वैशाखी अमावस्या में कारोबार नहीं हुआ। रविवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता की मौजूदगी में हुई बैठक में खोही के व्यापारियों ने प्रशासन के दुर्व्यवहार पर रोष जताया। वैशाखी अमावस्या पर्व पर हर अमावस्या की भांति व्यापारियों ने 20 कुंतल मिठाई तैयार कर दुकानों में सजायी थी। प्रशासन ने मिठाई वाली दुकानों की जलेबी वाली गली को बंदकर दिया था। ज्यादा मेला भी नहीं था। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग खोही बाजार की मिठाई दुकानों की धूम दूर-दूर तक है। श्रद्धालु यहां से मिठाई ले जाते हैं। भोग-प्रसाद आदि को यहां की मिठाइयां देश के कोने-कोने में जाती है। वैशाखी अमावस्या में पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों के साथ जिस ढंग से दुर्व्यवहार किया, उससे दुकानदारों को भारी क्षति उठानी पडी। उनकी बनाई मिठाइयों की परवाह न कर 14 घंटे मिठाई वाली गली बन्द रही। श्रद्धालुओं को भी दूसरे मार्ग की गली से गुजारा जा रहा था। 20 फीट चैड़े मार्ग को ब्लॉक कर आठ फीट चैडी गली को खोलकर जिस तरह से प्रशासन ने दुर्व्यवहार किया, उससे लगभग 20 कुंतल मिठाइयां खराब हो गईं। व्यापारी खासे परेशान हैं। तमाम व्यापारियों ने बताया कि तीन फीसदी ब्याज में पैसा लेकर मिठाइयां बनाई थी। प्रशासन के दुर्व्यवहार से गली ब्लॉक कर दी गई। श्रद्धालु यहां तक नहीं पहुंच सके।

उधारी के ब्याज का पैसा कैसे चुकायेंगे। व्यापारियों की भरपाई कौन करेगा। ऐसी कार्रवाई की व्यापारियों ने निंदा कर कहा कि अमावस्या में अधिकारी अनावश्यक वसूली की फिराक में उन्हें परेशान करते हैं। व्यापारियों का कारोबार प्रभावित होता है। दीपावली अमावस्या मेला तक में ये मार्ग बन्द नहीं हुआ था। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी देकर समस्या समाधान का भरोसा दिया।

इस मौके पर खोही व्यापार संगठन अध्यक्ष गंगा प्रसाद केसरवानी, महामंत्री संदीप गुप्ता, मंत्री कृष्णा केसरवानी, उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, मंत्री राकेश केसरवानी, शिवम, नाथू प्रसाद, विष्णु, विजय गुप्ता, ऋतिक, राम भरोसे गुप्ता, विदित गुप्ता, लखन गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजीव गुप्ता, पवन गुप्ता, दीपांशु, जमुना केसरवानी, रविशंकर गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, संतोष गुप्ता, चंदन गुप्ता, लोकनाथ केसरवानी, जयप्रकाश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, मनोज समेत सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।



व्यापारी नेता शानू से दुखडा सुनाते कारोबारी।

## वनवासी बालिकाओं का 30 मई तक चलेगा प्रशिक्षण

### उच्च शिक्षा से 32 बालिकाओं को जोड़ने की पहल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पाठा की वनवासी बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ भारत जननी परिसर रानीपुरभट्ट में हुआ। ये 30 मई तक चलेगा। प्रशिक्षण में 32 बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

रविवार को अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान के निदेशक राष्ट्रदीप ने बताया कि ऐसी बालिकाओं की खोज खबर संस्थान ने अप्रैल 2023 में की थी। उन बालिकाओं को शिक्षा मदद देकर इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज व औद्योगिक शिक्षण केंद्र मानिकपुर में प्रवेश दिलाकर उच्च शिक्षा से जोड़ा। इस कार्य में अग्रवाल फाउंडेशन ने सहयोग किया। शिक्षा की कड़ी में अप्रैल 2024 में फिर दस बालिकाओं का चयन कर उच्च शिक्षा से जोड़ा। संस्थान ने सभी बालिकाओं का 25 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया है। शुद्ध लिखना, पढ़ना, बोलना, भाव प्रकट करना, समस्याओं को समझना व उसे संबंधित अधिकारियों तक भेजने का कार्य करना बताया गया। आठ मई को भारतेंदु नाट्य अकादमी की पद्म विभूषण से विभूषित गिरिजा देवी की पुण्यतिथि पर विभाग निदेशक सागर ने घोषित किया कि अकादमी की प्रशिक्षक रोजी दुबे प्रशिक्षण देंगी। ये प्रशिक्षण जारी है।



प्रशिक्षण में मौजूद बालिकायें।

## मक्का से इथेनाल बनाने की बताई प्रक्रिया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंन्द्र मझगवां में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पर मक्का उत्पादन की सम्भावनायें व उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रणवीर सिंह प्रगतिशील किसान इटमा सोहावल फेजन अनीकी आरएसएम एडवांटा कम्पनी जबलपुर, रुपेश गुप्ता टीबीएम बायर कम्पनी जबलपुर, नरसिंह यादव एमडी प्रभू सीड्स कम्पनी इन्दौर, ओम प्रकाश सिंह महाप्रबन्धक इण्डो न्यूक्लीयर एनर्जी प्रा लि कम्पनी रोहनिया पटनी मझगवां की मौजूदगी में हुआ।

रविवार को अध्यक्षता कर रहे सुनील सिंह प्रगतिशील किसान देवीपुर ने शुभारम्भ किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक/डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी ने रुपरेखा बताई। सतना में मक्का उत्पादन की सम्भावनायें व उत्पादन तकनीकी विषय पर रोशनी डाली। डॉ अजय चौरसिया वैज्ञानिक सस्य ने मक्का की वैज्ञानिक खेती, डा अखिलेश कुमार जागरे ने मक्का की फसल में लगने वाले कीटों, रोगों के नियंत्रण के उपाय बतायें। फेजन अनीकी आरएसएम एडवांटा कम्पनी जबलपुर ने मक्का से इथेनाल बनाने की प्रक्रिया बताई। रुपेश गुप्ता टीबीएम मक्का की हाईब्रीड किस्मों व खरपतवारनाशी के बारे में बताया। नरसिंह यादव ने मक्का की हाईब्रीड व उन्नतशील प्रजाति के बारे में बताया। ओम प्रकाश सिंह ने मक्का से एथेनाल बनाने की प्रक्रिया पर चर्चा की। कार्यशाला में 120 किसान व किसान महिलायें शामिल रहीं।

# बाइडेन बोले- अगर बंधकों को रिहा कर दे हमास तो 'कल' से युद्ध विराम संभव

**सिएटल:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अगर हमास ने बंधकों को रिहा कर दिया तो गाजा में युद्ध में 'कल' युद्धविराम संभव है. वह शनिवार (स्थानीय समय) पर सिएटल में एक धन संचय कार्यक्रम में बोल रहे थे. बाइडेन ने कहा,'शुरू करने से पहले मुझे बंधकों से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देना चाहिए. आप जानते हैं, कल युद्धविराम होगा, यदि हमास ने बंधकों, महिलाओं, बुजुर्गों और घायलों को रिहा कर दिया.'



वहीं, इजराइल ने कहा कि यह हमास पर निर्भर है कि अगर वह ऐसा करना चाहता है तो हम इसे कल समाप्त कर सकते हैं. संघर्ष विराम कल से शुरू हो सकता है. एक रिपोर्ट के अनुसार इजरायल और हमास की बातचीत करने वाली टीमों के इस सप्ताह की शुरूआत में बिना किसी समझौते के काहिरा, मिस्र छोड़ने के बाद ऐसा हुआ है. इससे पहले शुक्रवार को गाजा में बंधक बनाए गए पांच अमेरिकियों के परिवारों ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और मध्य पूर्व समन्वयक ब्रेट मैकगर्क से मुलाकात की.

परिवारों के प्रतिनिधियों की बैठक के विवरण के अनुसार उन्होंने बाइडेन प्रशासन के समक्ष एक वीडियो दिखाया जिसमें बंधकों की दुर्दशा दिखाया गया. विशेष रूप से हाल के बंधकों के वीडियो में उन्हें स्पष्ट दबाव में दिखाया गया. हमास ने कहा कि काहिरा में वार्ता में मध्यस्थों द्वारा पेश युद्धविराम योजना को इजरायल द्वारा अस्वीकार करने के बाद बंधकों की रिहाई वार्ता फिर से पटरी पर आ गई.

इसने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दक्षिणी गजान शहर राफा पर हमला करने के लिए संघर्ष विराम वार्ता में 'बाधा' डालने का भी आरोप लगाया. रिपोर्ट के अनुसार विशेष रूप से इजराइल ने बार-बार गाजा में स्थायी युद्धविराम पर सहमत होने से इनकार कर दिया है. इजराइल का कहना है कि हमास जब तक हार नहीं जाता, भले ही सभी बंधकों को रिहा कर दिया जाए युद्ध जारी रहेगा. नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा, 'हमास का प्रस्ताव इजराइल की मूल मांगों से बहुत दूर था.' एक रिपोर्ट के अनुसार यह टिप्पणी बाइडेन द्वारा इजराइल को 3000 से अधिक भारी बमों की डिलीवरी रोकने और अधिक आक्रामक हथियार रखने की कसम खाने के कुछ दिनों बाद आई है.

इस बीच जैसे ही इजराइल ने चिंताओं के बावजूद राफा में अपना अभियान शुरू किया. उसने पूर्वी राफा में कई और इलाकों को तुरंत खाली करने का आदेश दिया है क्योंकि सेना ने दक्षिणी गजान शहर में अपने अभियान बढ़ा दिए हैं. राफा, दक्षिणी गजान शहर को हमास का आखिरी ठिकाना माना जाता है, लेकिन यह 10 लाख से अधिक विस्थापित फिलिस्तीनियों को आश्रय देता है. आईडीएफ प्रवक्ता इकाई के अरब मीडिया प्रभाग के प्रमुख अविचाई अद्राई ने एक बयान में कहा कि राफा और अल-शबौरा शिविरों में और अल-अदारी, अल-जेनिना के पड़ोस और खिरबेट अल-अदस के कुछ हिस्सों में लोग को तुरंत अल-मवासी में विस्तारित मानवीय क्षेत्र की ओर जाना चाहिए।

# संघीय अभियोजकों ने पेलोसी के पति पर हथौड़े से हमला करने वाले व्यक्ति के लिए 40 साल की सजा का अनुरोध किया

**सैन फ्रांसिस्को:** पूर्व अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी के सैन फ्रांसिस्को स्थित घर में घुसकर उन्हें बंधक बनाने की कोशिश और उनके पति पर हथौड़े से हमला करने वाले व्यक्ति के लिए 40 साल की सजा की मांग की है. उनके वकीलों ने संघीय अभियोजक न्यायाधीश से यह मांग की है. सैन फ्रांसिस्को क्रॉनिकल ने शुक्रवार देर रात रिपोर्ट दी कि अभियोजकों ने डेविड डेपेप की सजा की सुनवाई से पहले अनुरोध किया. वकीलों का कहना था कि आरोपी ने अक्टूबर 2022 के हमले के लिए कोई पश्चाताप नहीं दिखाया है। संघीय अभियोजकों ने अदालती दस्तावेजों में लिखा है कि प्रतिवादी के इतिहास और विशेषताओं के बारे में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके लिए उदारता की आवश्यकता हो. प्रतिवादी ने वास्तव में स्वीकार किया है कि वह जानता था कि वह क्या कर रहा था. डेपेप को पिछले साल एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी ठहराया गया था. उसे शुक्रवार को सजा सुनाई जानी है। मध्यावधि चुनाव से कुछ दिन पहले 82 वर्षीय पॉल पेलोसी पर हमला हुआ था. पूरा वाकया पुलिस बॉडी कैमरे के वीडियो में कैद हुआ था. डेपैप ने मुकदमे की गवाही के



दौरान स्वीकार किया कि वह स्पीकर को बंधक बनाने के इरादे से घर में घुसा था. उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि घर पर पुलिस के आने के बाद उन्होंने पॉल पेलोसी पर हथौड़े से हमला किया था. डेपैप ने कहा कि वह सरकारी भ्रष्टाचार को खत्म करना चाहता है. बचाव पक्ष के वकीलों ने कहा कि डेपैप अपने राजनीतिक विश्वासों से प्रेरित था और उसे साजिश के तहत फंसाया गया है. हमले में पॉल पेलोसी के सिर पर दो घाव हुए. उनकी खोपड़ी में फ्रैक्चर भी शामिल था, जिसे प्लेटों और स्क्रू से ठीक किया गया था, जो उन्हें जीवन भर रहेगा. उनका दाहिना हाथ और हाथ भी घायल हो गया.

# सुअर की किडनी प्रत्यारोपण कराने वाले पहले मरीज की मौत



**न्यूयॉर्क :** सुअर की किडनी प्रत्यारोपित कराने वाले दुनिया के पहले मरीज की प्रत्यारोपण के लगभग दो माह बाद मौत हो गई. मार्च में, मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में किडनी की बीमारी से गंभीर रूप से पीड़ित 62 वर्षीय रिक स्लेमैन में सुअर की किडनी प्रत्यारोपित की गई थी। अस्पताल ने उस समय इस प्रत्यारोपण को एक मील का पत्थर करार दिया था. इसी उपलब्धि को दुनिया भर में अंगों की कमी के संभावित समाधान के रूप में देखा गया था. अस्पताल ने शनिवार को कहा कि स्लेमैन की मौत प्रत्यारोपण से जुड़ी नहीं है। स्लेमैन के परिवार ने उनकी देखभाल करने वाली मेडिकल टीम के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के प्रयास से हमारे परिवार को रिक के साथ सात सप्ताह और मिल गए. इस दौरान की स्मृतियां हमारे दिलो-दिमाग में हमेशा बनी रहेंगी.

किडनी प्रत्यारोपण करने वाले डॉक्टरों ने कहा कि स्लेमैन ने दुनिया भर में अनगिनत रोगियो के दिल में एक आशा की किरण जगाई. हम जेनोट्रांसप्लांटेशन (एक प्रजाति के अंग का दूसरी प्रजाति में प्रत्यारोपण) के क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए उनके विश्वास और इच्छा के लिए आभारी हैं. बताया जाता है कि यह किडनी एक ऐसे सुअर से ली गई थी जिसके शरीर में कई बदलाव किए गए थे. इतना ही नहीं सुअर के नुकसानदेह जीन को निकाल दिए जाने के साथ ही उसकी जगह इंसानों के कुछ अच्छे जीन डाले गए थे जिससे किडनी शरीर के साथ आसानी से काम कर सके.

# कनाडाई पुलिस ने आतंकवादी हरदीप निज्जर हत्या मामले में चौथे संदिग्ध को गिरफ्तार किया



**ओटावा :** कनाडा स्थित सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडाई पुलिस ने नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए चौथे संदिग्ध को गिरफ्तार किया है. निज्जर की 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी. आरोपी की पहचान अमनदीप सिंह (22) के रूप में हुई है। ब्रिटिश कोलंबिया में इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) के अनुसार, सिंह पहले से ही असंबंधित आग्नेयास्त्र आरोपों के लिए ओंटारियो में पील क्षेत्रीय पुलिस की हिरासत में था. पुलिस के बयान में कहा गया है कि आईएचआईटी ने सबूतों का पीछा किया और अमनदीप सिंह पर प्रथम-डिग्री हत्या और हत्या की साजिश का आरोप लगाने के लिए बीसी अभियोजन सेवा के लिए पर्याप्त जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने कहा कि सिंह एक भारतीय नागरिक है, जो कनाडा में ब्रैम्पटन, ओंटारियो में रह रहा था. सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सरे, ब्रिटिश कोलंबिया और एबॉट्सफोर्ड, ब्रिटिश कोलंबिया जांचकताओं ने चल रही जांच और अदालती प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए गिरफ्तारी का कोई और विवरण नहीं दिया है।

इससे पहले कनाडाई पुलिस ने एडमॉन्टन में तीन भारतीय नागरिकों - करण बराड़, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह को इसी मामले में गिफ्तार किया है. तीनों पर प्रथम-डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

हरदीप सिंह निज्जर को साल 2020 में भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकवादी नामित किया गया था. पिछले साल यानी जून 2023 में सरे के एक गुरुद्वारे से बाहर निकलते ही उसपर गोलीबारी हुई जिसके बाद उसकी मौत हो गई. शुरूआती जांच में बताया गया कि हमले में दो वाहनों में छह लोग शामिल थे। कनाडाई पुलिस ने विशेष रूप से इस हत्या में भारत के शामिल होने के संदर्भ में कोई सबूत नहीं दिया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# सऊदी अरब ने पाकिस्तान को दिया झटका, आर्थिक मदद की आस लगाए था पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद की 19 मई को होने वाली बहुप्रतीक्षित पाकिस्तान की यात्रा एक बार फिर टल गई है. पाकिस्तान इस हाई-प्रोफाइल यात्रा की लंबे समय से तैयारी कर रहा था. सूत्रों के मुताबिक क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पाकिस्तान की मौजूदा राजनीतिक स्थिति से नाखुश हैं.



सूत्रों ने बताया कि सऊदी क्राउन प्रिंस पाकिस्तान में जारी राजनीतिक घटनाक्रम से चिंतित भी हैं. पाकिस्तान के कुछ नेताओं ने देश के आंतरिक मामलों में सऊदी अरब को घसीटने का प्रयास किया है. इससे प्रिंस नाखुश हैं.

गौरतलब है कि हाल ही में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता शेर अफजल मारवत ने लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किए जाने के लिए 'सऊदी प्रभाव' को जिम्मेदार ठहराया था. रावलपिंडी में अदयाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते हुए मारवत ने कहा," सऊदी राजदूत नहीं चाहते कि मुझे पीएसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाए."

पिछले महीने, मारवात ने दावा किया था कि इमरान खान की सरकार को हटाने के लिए अमेरिका द्वारा चलाए गए सरकार परिवर्तन अभियान में सऊदी अरब भी शामिल था. इसके बाद सऊदी अरब के साथ रिश्ते खराब करने के लिए पीटीआई ने उन्हें अपनी कोर कमेटी से हटा दिया.

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा, "यह निश्चित है कि सउदी अरब मारवात की टिप्पणी से नाखुश है. मारवात ने सउदी अरब पर पाकिस्तान की राजनीति में दखल देने का आरोप लगाया. सिद्दीकी ने स्वीकार किया कि मोहम्मद बिन सलमान की पाकिस्तान यात्रा रद्द होना देश के लिए एक बड़ा झटका है."

दूसरी ओर, सरकारी सूत्रों का कहना है कि मोहम्मद बिन सलमान की पाकिस्तान यात्रा को अंतिम रूप देने से पहले दोनों पक्षों के बीच अभी भी कुछ मुद्दों पर सहमति होना है. उन्होंने कहा कि हाल ही में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी निवेशक और व्यवसायी कुछ परियोजनाओं में रुचि रखते हैं, लेकिन समझौते की शर्तों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है.

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मोहम्मद बिन सलमान को पाकिस्तान की यात्रा का निमंत्रण दिया था. इसे स्वीकार कर लिया गया था. उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि यात्रा के संशोधित कार्यक्रम पर काम किया जा रहा है. सूत्रों का कहना है कि मोहम्मद बिन सलमान हज और ईद-उल-अजहा की छुट्टियों के बाद जून के तीसरे सप्ताह में पाकिस्तान का दौरा कर सकते हैं.

# इजराइल का राफा में सैन्य अभियान तेज, अन्य हिस्सों को भी खाली करने का दिया आदेश

**राफा:** इजराइल ने शनिवार को गाजा के दक्षिणी शहर राफा में शरण लिए फिलिस्तीनियों को क्षेत्र खाली करने नया आदेश जारी किया, जिससे हजारों और लोगों को विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा. इजराइल अपने करीबी सहयोगी अमेरिका की चेतावनी को दरकिनार करते हुए घनी आबादी वाले क्षेत्र राफा में अपने सैन्य अभियान का विस्तार कर रहा है. फिलिस्तीन के समर्थन में भारी प्रदर्शन के बीच इजराइली सेना आईडीएफ ने भी कहा कि वह उत्तरी गाजा के एक क्षेत्र में सैन्य अभियान आगे बढ़ा रही है, जहां आतंकी समूह हमास फिर से संगठित हो गया है।



इजराइल ने राफा शहर के पूर्व में तीसरे हिस्से को खाली करा लिया है. संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि राफा आक्रमण से मानवीय अभियान और प्रभावित होंगे और नागरिक हताहतों की संख्या में वृद्धि होगी. गाजा पर इजराइल के हमले के बाद लाखों फिलिस्तीनी राफा में शरण लिए हुए हैं।

राफा मिस्र की सीमा के पास है, जो गाजा में मानवीय सहायता की पहुंच का मुख्य प्रवेश बिंदु है. इजराइली सैनिकों ने राफा क्रॉसिंग के गाजा हिस्से पर भी कब्जा कर लिया है, जिससे इसे बंद करना पड़ा. मिस्र के सरकारी न्यूज चैनल ने शनिवार को बताया कि मिस्र ने तनाव के कारण राफा क्रॉसिंग पॉइंट से इजराइल के साथ सहायता वितरण में समन्वय करने से इनकार कर दिया है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह राफा पर आक्रमण के लिए इजराइल को हथियार नहीं देंगे. शुक्रवार को, बाइडेन प्रशासन ने कहा कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि इजराइल ने नागरिकों की रक्षा करने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है.

**इजराइल ने दिया अमेरिका को जवाब**

अमेरिका के बयान पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विदेश नीति सलाहकार ओफिर फॉक ने कहा कि इजराइल सशस्त्र संघर्ष के कानूनों के पालन में विश्वास करता है. साथ ही इजराइली सेना नागरिक मौतों को रोकने के लिए व्यापक उपाय करती है, जिसमें लोगों को फोन कॉल के जरिये सैन्य अभियानों के बारे में सचेत करना शामिल है।

# जर्मनी की सेना में बहुत कम है महिलाओं की संख्या

जर्मनी की सेना में महिलाओं की संख्या काफी कम है. लैंगिक बराबरी के लिए आवाज उठाने वाले देश में इसे लेकर चिंता जताई जा रही है. हालांकि बीते कुछ सालों से महिलाएं सेना के करियर में ज्यादा रुचि दिखा रही हैं.यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जर्मनी में अनिवार्य सैन्य सेवा बहाल करने की चर्चा हो रही है. इस बीच जर्मन सेना में महिलाओं की कम संख्या की ओर भी लोगों का ध्यान गया है. सशस्त्र सेनाओं की संसदीय आयुक्त एफा होएगल ने इस ओर ध्यान दिलाया है कि सेना में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है. जर्मन मीडिया संस्थान रिडेक्शियनेत्सवर्क डॉयचलैंड (आरएनडी) से बातचीत में उन्होंने यह बताया है. जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स की पार्टी से जुड़ी होएगल का कहना है, "हम पहले की तरह नहीं चल सकते."

**महज 13 फीसदी महिलाएं**

जर्मनी की सेना में काम करने वालों में महिलाओं की हिस्सेदारी महज 13 फीसदी है. होएगल का कहना है कि अगर मेडिकल क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को इनमें से अलग कर दिया जाए तो यह हिस्सेदारी और घट कर 10 फीसदी से भी नीचे आ जाती है.।

# नेपाल के नाटकीय घटनाक्रम में सत्ता पक्ष ने मधेश प्रदेश में अपने ही गठबंधन की सरकार गिराई

**जनकपुरधाम।** नेपाल की राजनीति में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच मौजूदा सत्ता पक्ष ने अपने ही गठबंधन की सरकार गिरा दी है। मधेश प्रदेश में जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के नेतृत्व में बनी सरकार से सत्ता में शामिल माओवादी और एमाले ने समर्थन वापस ले लिया है।

मधेश के मुख्यमंत्री सरोज यादव की सरकार को जारी समर्थन वापस लेने का पत्र प्रदेश के राज्यपाल को सौंप दिया है। एमाले विधायक दल के नेता भरत साह और एमाले विधायक दल के नेता सरोज कुमार यादव ने बताया कि नई सरकार का गठन किया जाएगा। समर्थन वापसी से पहले दोनों दलों के मंत्रियों ने मुख्यमंत्री सरोज यादव से मिल कर सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया था

समर्थन वापसी के कारण अपनी सरकार गिरने पर जसपा नेपाल के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने इसे विश्वासघात बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार में शामिल प्रमुख घटक दल होने के बावजूद प्रधानमंत्री ने पहले उनकी अनुपस्थिति में पार्टी में विभाजन करवाया और उसके बाद आज एक प्रदेश में रही सरकार को गिरा दिया। उपेन्द्र ने इसे प्रधानमंत्री प्रचंड की राजनीतिक बेइमानी करार दिया है।

उन्होंने कहा कि जसपा भी प्रचंड सरकार को दे रही अपना समर्थन वापस लेगी। विभाजन के बाद उपेन्द्र यादव की पार्टी के पास 12 में से सिर्फ 5 सांसद ही साथ रह गए हैं और उनके समर्थन वापसी से प्रचंड सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

# नेपाल के कामारिता शेर्पा ने 29वीं बार एवरेस्ट की चढ़ाई कर बनाया विश्व कीर्तिमान

**काठमांडू।** नेपाल के पर्वतारोही कामारिता शेर्पा ने रविवार सुबह 29वीं बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ कर नया विश्व कीर्तिमान बनाया है। कामारिता ने अपने ही पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए रविवार सुबह 7 बज कर 55 मिनट पर एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ कर नेपाल का झंडा फहराया। सेवेन समिट ट्रेक की तरफ से बयान जारी कर कामारिता के एवरेस्ट शिखर पर पहुंचने की जानकारी दी गई।

इससे पहले 28 बार एवरेस्ट समिट कर चुके कामारिता के नाम ही विश्व रिकार्ड था। पिछले वर्ष ही एवरेस्ट का सफल आरोहण करने के बाद इस वर्ष फिर से उन्होंने सफल आरोहण का कीर्तिमान अपने नाम किया है। 1970 में नेपाल के सोलुखुम्बु जिले में जन्मे कामारिता बहुत ही कम उम्र से एवरेस्ट की चढ़ाई करते आ रहे हैं।

# पाकिस्तान: उत्तरी वजीरिस्तान के दो अलग-अलग हमलों में 7 पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तरी वजीरिस्तान के अलग-अलग इलाकों में शनिवार को सुरक्षा बलों पर किए गए दो हमलों में 7 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इन हमलों में दो अन्य घायल भी हुए हैं। हमलों के बाद इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। उत्तरी वजीरिस्तान के तहसील दत्ता खेल के हसन इलाके में सुरक्षा बलों पर पहला हमला हुआ। जिसमें बम निरोधक दस्ते को निशाना बना कर विस्फोट किया गया। धमाके के तुरंत बाद घात लगाए हमलावरों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जिसमें पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक अन्य घटना में हमलावरों ने मीर अली के सीमान इलाके के सुरक्षा बल चौकी पर हमला कर दिया। इस हमले में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। सुरक्षाकर्मियों के शव और घायलों को हवाई मार्ग से बन्नू के संयुक्त सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। इन हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# भारत-आसियान एफटीए की समीक्षा के लिए जुलाई में करेंगे अगले दौर की बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के बीच मुक्त व्यापार करार (एफटीए) की समीक्षा के लिए चौथे दौर की बैठक 7-9 मई को मलेशिया के पुत्रजया में हुई। इस बैठक में भारत और सभी 10 आसियान देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अगले दौर की बातचीत 29-31 जुलाई को इंडोनेशिया के जकार्ता में होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से रविवार को बताया गया कि चौथे दौर की बैठक की सह-अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के उप-महासचिव (व्यापार) मस्तूरा अहमद मुस्तफा ने की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष अगले दौर 29-31 जुलाई, 2024 को पांचवीं संयुक्त समिति की बैठक के लिए इंडोनेशिया के जकार्ता में मिलेंगे। आसियान-भारत माल व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए बातचीत मई, 2023 में शुरू हुई थी। इसका मकसद इसे पूरे क्षेत्र के कारोबार को अधिक सुगम और लाभकारी बनाना है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक समीक्षा कामकाज देख रही संयुक्त समिति की अब तक चार बैठकें हुई हैं। पहली दो बैठकों में समिति ने समीक्षा की शर्तें और बातचीत के ढांचे को अंतिम रूप दिया है, जबकि 18-19 फरवरी को हुई तीसरी बैठक से समीक्षा शुरू की गई।